

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 20 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-173 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 सितंबर 2023 ₹ 1.00


## संक्षेप

### स्मृति ईरानी व प्रियंका गांधी का 21 को छत्तीसगढ़ दौरा

**दुर्ग , 20 सितंबर।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने 21 सितंबर को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी पाटन पहुंच रही है. यहां वो एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगी. इसकी तैयारी अंतिम चरण में हैं. वीआईपी मोमेंट को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि 21 सितंबर को महिला सम्मेलन में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आने वाले हैं, इसको लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, वही बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में स्मृति ईरानी के आने का संभावना है उसको लेकर भी तैयारी कर ली गई है.

### दो महिला नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा,20 सितंबर।** जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर करने का दावा किया है। महिला नक्सली के शव के साथ हथियार भी बरामद हुए हैं। फिलहाल दोनों नक्सलियों की अब तक पहचान नहीं हो पायी है। घटना दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर की बतायी जा रही है, जहां डीआरजी और बस्तर फाईटर्स के साथ नक्सलियों का मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को नक्सलियों ने मार गिराने का दावा किया है। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा के अरनपुर से डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम दंतेवाड़ा और सुकमा सीमा के नहाड़ी, छोटे हिड़मा, डूंगिनपारा के जंगलों में विशेष अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 20 सितंबर को प्रातः 07.15 बजे कैम्प नाहाडी से लगभग 4 कि.मी. दक्षिण दिशा में पुलिस पार्टी और माओवादियो के बीच मुठभेड़ हुई।

### आइईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान घायल

**दंतेवाड़ा,20 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर जगरगुंडा सड़क पर नक्सलियों द्वारा किए गए आइईडी विस्फोट में जवान घायल हो गया। नक्सलियों ने रोड ओपनिग पार्टी को निशाना बनाने आइईडी प्लांट किया था। दरअसल, अरनपुर से जगरगुंडा के बीच सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ, डीआरजी के जवानों के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। आज भी काम शुरू होने से पहले जवानों के द्वारा क्षेत्र को कार्डन किया जा रहा था। इसी बीच जंगलों में आइईडी ब्लास्ट हुई जिसमें सीआरपीएफ के एक जवान को मामूली चोट आई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन ने बताया, जवान को मामूली चोट आई है। क्षेत्र में सर्च आपरेशन किया जा रहा है।

### कोयला लोड ट्रेलर पलटा,चालक की मौत

**कोरबा,20 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के उर्जाधानी के नाम से मशहूर कोरबा जिले की पहचान धीरे - धीरे अब हादसों की नगरी के रुप में होने लगी है। भारी वाहनों के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रोजाना हादसे होते हैं जिससे बेकसूर लोगों की जान चली जाती है। ऐसी ही एक घटना कटघोरा थाना क्षेत्र में हुई जहां ग्राम कसनिया नर्सरी मोड़ के पास कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से मृतक की लाश को बाहर निकाला। मृतक की पहचान विनोद यादव के रुप में की गई है।

## पीएससी : प्रकरण की स्वयं जांच कर न्यायालय के समक्ष पेश करेंगे जवाब

### राज्य सरकार का न्यायालय के समक्ष वक्तव्य

**रायपुर,20 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पीएससी चयन से संबंधित याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय के समक्ष की गई, महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें राज्य सरकार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह वक्तव्य दिया गया कि हम उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे एवं जब तक मामले के अगली सुनवाई नही हो जाती तब तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आक्षेप लगा है और उनकी नियुक्ति नही हुई है, उसको आगे अंतिम रूप नही दिया जायेगा एवं जिनकी नियुक्तियाँ हो चुकी है वह यथा स्थिति न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी।

न्यायालय ने उक्त वक्तव्य को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद रखी है एवं राज्य सरकार तथा पीएससी को निर्देशित किया है कि वे जो सूचीं याचिकाकर्ता के द्वारा पेश की गई है उसके तथ्यों की सत्यता के संबंध में भी जांच कर ले तथा याचिकाकर्ता को निर्देशित किया गया है कि वह चयनित व्यक्तियों को पक्षकार बनाये और अपनी याचिका में निर्धारित संशोधन कर पेश करें। न्यायालय के द्वारा याचिकाकर्ता को भी सचेत किया गया है कि अगर याचिकाकर्ता की जानकारी गलत पाई गयी तो उसके विरुद्ध भी न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी।

## अगर रिश्तेदारी नहीं मिली तो आपको अदा करनी पड़ेगी भारी कीमत : हाईकोर्ट

### पीएससी मामले में दूसरे दिन हुई सुनवाई

**बिलासपुर,20 सितंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की चयन सूची में गड़बड़ी को लेकर भाजपा नेता और पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर की ओर से दायर याचिका पर बुधवार को लगातार दूसरे दिन छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस नरेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि अगर सूची में जिस तरह की रिश्तेदारी नहीं पाई गई तो इसकी आपको भारी कीमत अदा करनी होगी. बता दें कि भाजपा नेता ननकीराम कंवर की ओर से याचिका में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने अपात्रों को भी चयनित कर



लिया है, जिसमें नेताओं, मंत्रियों और अधिकारियों के बेटे-बेटियां और रिश्तेदार शामिल हैं. इन लोगों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और दूसरे पद दे दिए गए हैं. याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद बुधवार को सुनवाई जारी रही. संबंधित पक्षों को सुनने के बाद छत्तीसगढ़ के एडवोकेट जनरल की ओर से पक्ष रखे जाने की दरख्वास्त पर मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर नियत की गई. याचिका पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि यह बहुत डिस्टर्बिंग (परेशान करने वाला) है, और (सूची में) रिश्तेदारी नहीं पाई गई तो आपको इसकी भारी कीमत अदा करनी पड़ेगी. इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने सहमति जताई.

सुनवाई शुरू होने के साथ ही याचिकाकर्ता की ओर से मंगलवार को प्रस्तुत 18 लोगों की सूची में से दो की जगह तीन लोगों के 2020 के पीएससी में शामिल होने की जानकारी देते हुए 15 लोगों की संशोधित सूची पेश की गई. इस पर चीफ जस्टिस की फटकार पर याचिकाकर्ता के वकील ने माफी मांगी. इसके साथ ही मामले के अदालत में जारी रहने के बीच अखबारबाजी होने पर आपत्ति जताई. सुनवाई के दौरान सूची में शामिल नितेश की ओर से अधिवक्ता प्रस्तुत हुए और उन्होंने बताया कि नितेश पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के पुत्र नहीं बल्कि राजेश का पुत्र होना बताया.

## टूल किट मामले में रमन सिंह व संबित पात्रा को हाईकोर्ट से राहत

### एफआईआर निरस्त करने के आदेश

**बिलासपुर,20 सितंबर।** टूल किट मामले में पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह व भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. चीफ़ जस्टिस व जस्टिस एन के चन्द्रवंशी की डिवीजन बेंच ने माना कि ट्वीट से कोई सामाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ा. इसके साथ ही दोनों भाजपा नेताओं के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को कोर्ट ने निरस्त कर दिया. बता दें कि बीते 12 सितम्बर को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रखा गया था. बता दें कि दो साल पहले का यह मामला है. वर्ष 2021 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 18 मई को अपने ट्विटर अकाउंट से कांग्रेस का कथित लेटर पोस्ट करते हुए दावा किया था कि इसमें देश का माहौल खराब करने की तैयारी की प्लानिंग लिखी है. इसके साथ ही लिखा गया कि विदेशी मीडिया में देश को बदनाम करने दुष्प्रचार और जलती लाशों की फोटो दिखाने का कांग्रेस षड्यंत्र कर रही है. ऐसी ही पोस्ट संबित पात्रा ने भी की थी. इसके बाद युवा कांग्रेस के नेताओं ने रमन सिंह व संबित पात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था.

एफआईआर के विरोध में भाजपा नेताओं ने बाकायदा हैशटैग 'भूपेश- मुझे भी गिरफ्तार करो' के जरिए अभियान चलाते हुए प्रदेशभर में अपने निवास के सामने बैठकर धरना दिया था. सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा नेताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत गिरफ्तारी देने थाना पहुंचे थे.

### हथियार की तरह एफआईआर का प्रयोग करती है कांग्रेसः रमन



**रायपुर,20 सितंबर।** टूल किट मामले में हाई कोर्ट के एफआईआर निरस्त किए जाने के फैसले को पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने महत्वपूर्ण करार दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एफआईआर का उपयोग हथियार की तरह करती है. कोरोना काल में मैने सोशल मीडिया में मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए कांग्रेस के विदेशी मीडिया का प्रयोग करने की बात कही थी. इस पर कांग्रेस के लोगों ने संबित पात्रा और मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था. न्यायालय ने फर्जी एफआईआर को निरस्त कर दिया है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने निवास में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार अपराधी चला रहे हैं. जितने अधिकारी इस सरकार के हैं, सभी जेल में हैं. मुख्यमंत्री की निज सचिव जेल पर हैं, और मुख्यमंत्री बेल पर हैं. पीएससी की चयन सूची पर उच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई पर कहा कि कोर्ट ने पीएससी घोटाले ने फटकार लगाई है. उन्होंने कहा कि चार - चार लोगों का सलेक्शन डीएसपी के लिए हुआ है, जो एक ही परिवार के हैं, जिसमें चाचा, पिता सहित उनके परिवार का सदस्य हैं. लाखों लोगो के मन में इसको लेकर संदेह हुआ होगा. महिला बिल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक को मंजूरी दिलाई है. नए संसद में बिल पर ऐसा फैसला माइन स्टोन बनने के लिए किया जा रहा है. ये महिलाओं की उन्नति के दिशा में सार्थक होगा. ये बड़ा फैसला है. महिलाओं के समर्थन की बात कही गई है.

## एक्सिस बैंक डकैती के चार आरोपी बंदी

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**बलरामपुर,20 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के एक्सिस बैंक में हुई करोड़ों रुपये की डकैती मामले में बलरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने डकैती करने वाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के पास से एक होंडई क्रेटा कार, एक ट्रक और चालक के साथ 3 अन्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है. यह सफलता रामानुजगंज पुलिस के टीम को मिली है. बता दें कि ये घटना छत्तीसगढ़ की अब तक की सबसे बड़ी डकैती है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गए सभी आरोपी हथियारों से लैस थे. डकैती के पैसों को ले जाने के लिए आरोपियों ने 15 से 16 लाख रुपए में एक ट्रक खरीदा था. आरोपी छत्तीसगढ़ से



झारखंड भागने के फिराक में थे लेकिन पुलिस की सूझबूझ से लुटेरे हत्थे चढ़ गए.पूरे मामले में हमारी बात पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल हमारी बात रायगढ़ पुलिस से हुई है. वहां की टीम बलरामपुर पहुंच रही है. पकड़े गए आरोपियों को रायगढ़ ही शिफ्ट किया जा सकता है.

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को दिनदहाड़े सुबह के 9 बजे कुछ डकैत ग्राहक बनकर एक्सिस बैंक में करोड़ों की लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचे. जहां बैंक मैनेजर के साथ डकैतों ने मारपीट के बाद चाकू से हमला कर दिया, जिससे बैंक मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गया. डकैत बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर 7 से 8 करोड़ रुपये कैश और 4 किलो सोना लूटकर मौके से फरार हो गए. हमले में घायल मैनेजर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जगह-जगह नाकेबंदी कर दी गई. वहीं बीती रात करीब 11 से 12 बजे पुलिस ने नाकेबंदी कर बलरामपुर जिले के रामानुजगंज पुलिस के टीम ने आरोपियों को पकड़ा है.

## ओबीसी महिलाओं को भी मिले आरक्षणः सोनिया गांधी

**नई दिल्ली,21 सितंबर।** मोदी सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में चर्चा शुरू हो गई है। बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है। इस दौरान लोकसभा में हंगामा भी हो सकता है, क्योंकि कांग्रेस भी इसका श्रेय लेने की होड़ में है। बहस की शुरुआत सोनिया गांधी ने की। उन्होंने कहा कि यह बिल उनके जीवन साथी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना था। सोनिया गांधी ने पूछा कि इस कानून को लाने में अब और कितने साल लगेंगे। साथ ही मांग की कि देश में जातिगत जनगणना होना चाहिए और एससी-एसटी के साथ ही ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिया जाना चाहिए। कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी बहस की शुरुआत की। वहीं सत्ता पक्ष की ओर से स्मृति ईरानी और निर्मला सीतारमण के संबोधन पर नजर रहेगी। लोकसभा में प्रवेश करते समय सोनिया गांधीा ने कहा कि यह बिल राजीव गांधी द्वारा लाया गया है। सबकुछ ठीक रहा तो आज ही लोकसभा में बिल पारित हो जाएगा। सदन की कार्यवाही के आखिरी में वोटिंग होगी। पूरी उम्मीद है कि सभी दल एकजुट होकर बिल का समर्थन करेंगे। इसे भारत की राजनीति में एक




ऐतिहासिक दिन बताया जा रहा है। इसके साथ ही 27 वर्षों से अधिक के इंतजार को समाप्त कर सकता है।

लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इस बिल में सब-कोटा लाने में अड़ी हुई है। माना जा रहा है कि वह इस बिल को समर्थन नहीं देंगे। महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने के बाद मंगलवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सदस्यों से विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया।

## पीएससी परीक्षा में गलत उत्तर देने पर भी मिले पूरे अंक : चौधरी

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर 20 सितंबर।** छत्तीसगढ़ पीएससी में कथित घोटाले की एक के बाद एक सच्चाई सामने आ रही है। पूर्व आईएएस व भाजपा नेता ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में पीएससी की परीक्षाओं में चल रही धांधलियों को उजागर किया है। इस परीक्षा में धांधली हुई है और इसकी सीबीआई से जाँच कराई जानी चाहिए। ये परीक्षा परिणाम युवाओं के साथ धोखाधड़ी है। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ के युवा भाई-बहनों को जिस तरह की परिस्थितियों का सामना करना दिया जाना था। उन्हें छत्तीसगढ़ का मंगल पांडे कहा जाता है। लेकिन उस अभ्यर्थी को गलत उत्तर दिए जाने के बाद भी इसमें साढ़े 5 अंक दिए गए जबकि जिस अभ्यर्थी ने वीर हनुमान सिंह के बारे में उत्तर लिखा, उसे सिर्फ 4 अंक दिए गए। श्री चौधरी ने कहा कि इसी तरह गणित के कई प्रश्न गलत रहे या उनके उत्तर गलत दिए गए, फिर भी गलत उत्तर देने वाले अभ्यर्थियों को अधिक या पूरे अंक दिए गए जबकि सही उत्तर पर कम अंक दिए गए हैं। इसके अलावा एक जैसे सही उत्तरों के लिए किसी अभ्यर्थी को पूरे अंक दिए गए तो किसी को कम अंक,


15. 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ में वीर हनुमान सिंह के योगदान का वर्णन कीजिए। [8]
Describe the contribution of Veer Hanumaan Singh in Chhattisgarh in the Revolution of 1857. [100 शब्द]
[31]
34/38

पड़ रहा है, वह अत्यंत दुःखद है।

श्री चौधरी ने कहा कि पीएससी, जो एक संवैधानिक संस्था है, में भी इस कांग्रेस सरकार की कई तरह की विसंगतियाँ व धांधलियाँ सामने आती रही हैं। भाजपा इस मुद्दे पर लगातार सरकार का ध्यान खींच रही है। हाल ही जो पीएससी की परीक्षा के जो परिणाम आए हैं, उसमें भी अनेक निराशाजनक तथ्य सामने आए हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने इन तथ्यों पर विस्तार से चर्चा कर बताया कि इस परीक्षा में 8 अंक का एक प्रश्न यह था कि 1857 की क्रांति में वीर हनुमान सिंह के योगदान का वर्णन कीजिए। एक अभ्यर्थी ने उत्तर में हनुमान सिंह की जगह वीर नारायण सिंह लिखा। दोनों ही हुतात्माओं का योगदान हमारे लिए अमूल्य धरोहर है। चूँकि परीक्षा में वीर हनुमान सिंह के बारे में प्रश्न था, इसलिए उत्तर भी उनके बारे में और उत्तरपुस्तिका में पूरा पेज कोरा छोड़ने के बावजूद उसमें पूरे अंक तक दिए जाने की बात सामने आई है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि इसी तरह ऑन्सर शीट का मूल्यांकन एक्जामिनर, डिप्टी हेड एक्जामिनर और हेड एकाजामिनर, इन तीन स्तरों पर होता है, लेकिन इसमें तीनों मूल्यांकन के अंक समान ही दिए गए हैं। इस पर सवाल उठाते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह कैसे संभव है कि तीनों स्तर पर मूल्यांकन में एक जैसे समान अंक दिए जाएँ? या तो सभी स्तरों पर मूल्यांकन नहीं हुआ है या फिर इसमें लापरवाही हुई है। इससे यह साफ प्रतीत हो रहा है इस परीक्षा में धांधली हुई है और इसकी सीबीआई से जाँच कराई जानी चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि ये परीक्षा परिणाम युवाओं के साथ धोखाधड़ी है।

### नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई 17 अक्टूबर को

**नयी दिल्ली, 20 सितंबर।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह असम में अवैध आप्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर 17 अक्टूबर को सुनवाई शुरू करेगा। नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए को असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के संबंध में एक विशेष प्रावधान के रूप में जोड़ा गया था।. धारा 6ए के तहत प्रावधान है कि ऐसे लोग, जो एक जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 के बीच बांग्लादेश समेत विशिष्ट क्षेत्रों से असम आए और वहां रह रहे हैं, उन्हें नागरिकता के लिए संशोधित नागरिकता अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत खुद का पंजीकरण कराना होगा। इसके तहत, उन बांग्लादेशी प्रवासियों को नागरिकता प्रदान की जा सकती है, जो 25 मार्च 1971 से पहले असम आए थे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा, नोडल वकीलों ने मामले से जुड़े दस्तावेजों को संकलित किया है।

### लॉन टेनिस- डेविस कप 2023 भारत ने मोरक्को को 4-1 से हराया

## बोपन्ना ने युवा खिलाड़ियों के लिए खोला मार्ग

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत ने स्वतंत्रता के पूर्व जिन खेलों में भाग लिया उनमें एथलेटिक्स, हाकी, कुश्ती, टेनिस, फुटबाल, क्रिकेट आदि प्रमुख हैं। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने 1921 से डेविस कप में भाग लेने की शुरुवात की थी। अब तक 206 मैच खेलकर 121 में विजयी जबकि 85 में पराजित हुए हैं। भारत की ओर से लिएंडर पेस टेनिस ही नहीं किसी भी अन्य एकल खेल में शतरंज के विश्वनाथन आनंद के साथ भारत के महान खिलाड़ी साबित हुए हैं। डेविस कप के एकल में 50 जीत तथा 19 पराजय के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। युगल में लिएंडर पेस के साथ महेश भूपति की जोड़ी डेविस कप में 25 मैच जीतने 2 मैच हारने का अद्भुत कीर्तिमान बनाया है। डेविस कप में सबसे अधिक लंबे समय अर्थात् 30 वर्षों तक खेलने वाले लिएंडर पेस ही हैं। डेविस कप की शुरुवात 1900 से हुई। इसे टेनिस का विश्व कप भी कह सकते हैं। 2023 के डेविस कप स्पर्धा में भारत ने पहला मैच वर्ल्ड ग्रुप एक के प्ले आफ में डेनमार्क (38) के साथ फरवरी में खेला जिसमें उन्हें दुर्भायजनक ढंग से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। अतः भारत को 2023 डेविस कप मुकाबले में लखनऊ भारत में वर्ल्ड ग्रुप दो प्ले आफ में मोरक्को से खेलना पड़ा। इसमें भारत ने मोरक्को को 4-1 से हराया। दोनों टीम की तुलना करने से स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय टेनिस सितारों की टीम मोरक्को की टीम से कहीं अधिक मजबूत है। 18 सितम्बर 2023 को डेविस कप की वरीयता सूची में भारत को 39वां जबकि मोरक्को को 57वां स्थान हासिल है। दोनों टीम के डेविस कप प्रतियोगिता के इतिहास पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि मेजबान भारत की टीम मोरक्को से बहुत मजबूत है। हमारे देश ने 1966,



1974 और 1987 में तीन बार डेविस कप के फायनल में जगह बनाई हालांकि तीनों बार वह उपविजेता रही। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम 1961 से डेविस कप में भाग ले रही है। वर्ल्ड ग्रुप में मोरक्को की 2001, 2002, 2004 में तीन बार विपक्षी टीम से मुठभेड़ हुई परंतु वे पहले ही चक्र में मात खा गये। 2023 के वर्ल्ड ग्रुप-2 प्ले आफ में कोट डिलीवरी को 3-1 से पछाड़ा था। इसलिए भारत के विरूद्ध खेलने के हकदार हुए। भारत ने लखनऊ में मोरक्को को 4-1 से यू ही नहीं हराया बल्कि उनसे बेहतर टेनिस खिलाड़ी हमारी टीम में थे। भारत के खिलाड़ियों की विश्व वरीयता सुमित नागल की एकल में 159, राशि कुमार मुकुंद की एक लमें 407, दिग्विजय सिंह की एकल में 554 है जबकि युगल में रोहन बोपन्ना की 07 तथा युकी भांबरी की 65 है। दूसरी तरफ मोरक्को के खिलाड़ियों की वरीयता क्रमशः यासीन डलीमी 566, एडम मोंडिर 721, वालिद ओहौडा 1081 है जबकि युगल के खिलाड़ियों की वरीयता एलीएट बेंचट्रिट 810, युनुस लारोसी की 1018 है। इस प्रकार कागजों में भारत की टीम मजबूत थी और उन्होंने अपना प्रदर्शन दोहराया। डेविस कप के इस मुकाबले के बाद भारत के रोहन बोपन्ना ने सन्यास लेने की घोषणा कर दी। रोहन बोपन्ना का जन्म 4 मार्च 1980 को बेंगलुरू में हुआ था। 43 वर्षीय बोपन्ना ने 2002 में डेविस कप का पहला मैच खेला और पिछले 21 वर्षों में भारत की ओर से उन्होंने 33 मैच भाग लिया। इसमें एकल में 10 मैच जीते 17 हारे, जबकि युगल में 13 मैच जीते 10 में परास्त हुए। खेल चाहे जो भी हो परंतु खिलाड़ियों को फिटनेस बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। आधुनिक युग में युवाओं की फौज आ गई है। तकनीक और प्रशिक्ष्ण की सुविधा बढ़ गई है। ऐसी परिस्थिति में अपने आपको मुकाबले के लायक बनाए रखना प्रत्येक खिलाड़ी के लिए चुनौती है। बोपन्ना ने परिस्थितियों को भांपते हुए सही निर्णय लिया है इससे भारत के युवा खिलाड़ियों को डेविस कप चैंपियनशिप में भाग लेने का द्वार भी खुलेगा।

## एक नजर

### युवक की मौत पर सड़कजाम करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**भिलाई 20 सितंबर।** जामुल के दुर्गा मंदिर के सामने एक हाईवा की चपेट में आने से एक युवक के बाद सड़क पर सड़कजाम करने वालों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जामुल पुलिस ने करीब 60 से अधिक अज्ञात आरोपितों के खिलाफ बलवा और मार्ग अवरुद्ध करने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। फोटो और वीडियो के आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी बता दें कि ग्राम खेरधा निवासी मनीष टंडन नाम के 19 वर्षीय युवक की सोमवार की सुबह जामुल के दुर्गा मंदिर के पास एक हाईवा की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। वो अपने एक दोस्त तरुण बंजारे के साथ बाल कटवाने के लिए जामुल गया था और वापस लौटते समय वे दोनों हादसे का शिकार हो गए थे। स्कूटी के पीछे बैठा तरुण बंजारे बाल बाल बच गया था। हादसे में युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर सड़कजाम कर दिया था। इस मामले में ढांचा भवन कुरुद निवासी आकाश सिंह राजपूत की शिकायत पर अज्ञात 60 से अधिक लोगों के खिलाफ बलवा और मार्ग अवरुद्ध करने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है।

### महेश सिंह राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित



**कवर्धा 20 सितंबर।** राज्य शिक्षक प्रतिभा सम्मान का आयोजन पी.जी.कालेज ऑडिटोरियम कवर्धा में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण , मंत्री मोहम्मद अकबर ने जिले के संकुल नेवारी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मरपा में पदस्थ शिक्षक महेश सिंह ठाकुर को उनके विशेष कार्य शून्य निवेश नवाचार अंतर्गत टी एल एम का निर्माण, याद करने का ट्रिक, कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम,पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन,साक्षरता, योगा,डिजिटल साक्षरता, राष्ट्रीय एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक कार्य के लिए सर्टिफिकेट,स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार तिवारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### अश्लील गाली-गलौज करने से मना करना मां-बेटे को भारी पड़ा

**भिलाई 20 सितंबर।** अश्लील गाली गलौज करने से मना करना मां-बेटे को भारी पड़ गया। मामले में आरोपित ने ब्लेड से हमला कर मां-बेटे को घायल कर दिया पाटन के वार्ड क्रमांक-1 इंदिरा नगर निवासी नीलमणि पटेल (27) ने इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है नीलमणि पटेल रोजी मजदूरी का काम करता है। 16 सितंबर को खाना खाकर अपने घर पर आराम कर रहा था इस दौरान रात करीब 1.30 बजे पप्पू उर्फ धनेश्वर पटेल, लल्ला, संतु पटेल प्रार्थी के घर के सामने आपस में वाद विवाद कर रहे थे इस दौरान वे पारिवारिक मामले को लेकर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे और गाली-गलौज भी कर रहे थे। प्रार्थी नीलमणि पटेल की मां तुलसी पटेल घर से बाहर निकली उनसे युवकों को गाली गलौज करने से मना करते हुए वहां से जाने कहा इस दौरान आरोपित पप्पू उर्फ धनेश्वर पटेल ने जान से मारने की धमकी देते हुए तुलसी पटेल के ऊपर ब्लेड से वार कर दिया तुलसी के गले में चोट लगने के कारण खून बहने लगा और वह बचाओ-बचाओ कहकर चिल्लाने लगी की आवाज सुनकर नीलमणि बाहर निकला लेकिन आरोपित पप्पू उर्फ धनेश्वर ने ऊपर भी ब्लेड से तीन-चार वार कर दिया इससे नीलमणि के होठ और बांये कनपटी के ऊपर चोट आई है मामले में पाटन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।



रामकुमार पाली पालीपारा दंतेश्वरी वार्ड क्र.16 कवर्धा।

# नकली रुपये के चक्कर में हो गया ठगी का शिकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 20 सितम्बर।** प्रार्थी फिरंगी पटेल साकिन सेमरा थाना गिधौरी ( टुण्डरा ) ने 18 सितम्बर को थाना में उपस्थित हो कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 सितम्बर को एक व्यक्ति ने फोन कर बतलाया कि हम लोग नकली रूपये चलन में लाने के लिए ज्यादा रुपये देकर, बदले में असली कम रूपये लेते है बोलकर फिरंगी पटेल को बतलाने पर प्रार्थी लालच में आकर ठीक है, कहने पर आरोपी पिताम्बर बरिहा ने ग्राम सेमरा प्रार्थी के घर पर आ कर नकली नोट है बोलकर असली नोट आठ सौ रुपये दिया और प्रार्थी के पुछने पर डेढ़ लाख रुपये है तो मुझे इसके बदले तेरह लाख रुपये नकली नोट देंगे ....बोला गया और बतलाया कि आज शाम छह बजे मेरा साथी जयलाल बरिहा रुपये लेकर आयेगा। तुम खपरीडीह नाला के पास आ जाना बतलाया।

तब प्रार्थी शाम को छह बजे खपरीडीह नाला के पास उसका फोन आने से डेढ़ लाख रुपये लेकर गया। तो वहां एक मोटर सायकल में पिताम्बर बरिहा व जयलाल बरिहा दोनो मिले और पैसे जो लाये हो निकाल कर दो कहने पर प्रार्थी बोला कि पहले तेरह लाख रुपये दो कहने पर आरोपियों द्वारा तुम हमको जानते नही हो। हमारे आदमी और है, जान से हाथ धोना पड़ जाएगा, कहकर जबरदस्ती डरा धमका कर डेढ़ लाख रुपये को लूटकर भाग गये।फिरंगी पटेल की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेशित करने पर थाना प्रभारी कैलास चन्द्र दास के कुशल नेतृत्व में थाना स्टाफ एवं सायबर सेल बलौदाबाजार स्टाफ का संयुक्त टीम गठित कर आरोपीयों का पता तलाश कर आरोपी 01. पिताम्बर बरिहा पिता श्यामलाल बरिहा उम्र 23 साल साकिन गिधापाली थाना बसना, 02. जयलाल बरिहा पिता गोपी बरिहा उम्र 27 साल साकिन गिधापाली हाल बम्हनी थाना बसना जिला महासमुंद को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल प्लेटिना एवं लूटे गये डेढ़ लाख रुपये में से नगदी चौहत्तर हजार रुपये को जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में उप -जेल बलौदाबाजार भेजा दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कैलास चन्द्र दास, प्रधान आरक्षक मानिकराम बंजारे आरक्षक, पवन डहरिया, रामलाल कैवर्त, जगराम लहरे, राहुल सागर, नरेन्द्र निषाद एवं सायबर सेल बलौदाबाजार से प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, नरेश खुंटे आरक्षक अजय यादव का विशेष योगदान रहा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार,20 सितम्बर।** जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 716/2023 धारा 363, 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट्ठ के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

आरोपी का नाम बच्चन बंजारे पिता बैसाखु बंजारे उम्र 21 साल साकिन मानिकचौरी थाना पचपेडी जिला बिलासपुर छग मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि सूचक 17 सितम्बर को थाना सिटी कोतवाली उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लडकी 15 सितम्बर को लगभग 11/00 बजे घर मे बिना बताये निकली है जो अब तक वापस नही आयी है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 109/23 दर्ज कर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर अपहरण करने की आशंका एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर नाबालिग बच्चों की गुम होने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 363 भादवि का घटित होने की आशंका पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के मुखबीर द्वारा सुचना मिला कि अपहृता ग्राम मानिकचौरी के बच्चन बंजारे के घर होना पता चलने से हम. स्टाफके मौके पर जाकर अपहृता को बच्चन सिंह के द्वारा पेश करने पर समक्ष गवाहों के बरामदगी पंचनामा तैयार कर अपहृता एवं संदेही बच्चन सिंह को साथ लेकर वापस थाना आया। अपहृता से पुछताछ करने पर संदेही बच्चन के द्वारा बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर भगाकर अपने साथ लेजाकर अपने घर मे रखकर अपने साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना अपने कथन मे बताई है तथा आरोपी से पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी बच्चन सिंह पिता बैसाखू बंजारे साकिन मानिकचौरी थाना पचपेडी जिला बिलासपुर को आज दिनांक 18/09/2023 को 16/00 बजे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर 140 मन्नुलाल ध्रुव तथा पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

# बगनई नरवा विकास से भू-जल स्तर में बढ़ोतरी, रोजगार और सिंचाई के साधन बढ़े

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 20 सितम्बर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा अऊ बाड़ी योजना के तहत नरवा विकास को जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। नरवा विकास के तहत उपचार योग्य 44 नरवा, नालों का जीर्णोद्धार किया गया है। विदित हो प्राकृतिक रूप से बहने वाले नरवा/नाला प्रकृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो आज किसी कारणवश विलुप्त होते जा रहे है अथवा जलस्तर की कमी की वजह से क्रियान्वित नहीं है। नरवा/नाला प्रकृति द्वारा प्रदत्त जल का एक उत्तम स्त्रोत है, जो अपने आस पास में लगे राजस्व भूमि में सिंचाई की सुविधा प्रदान करता है एवं वन्यजीवों को भी जल उपलब्ध कराता है। ÷नरवा विकास÷ के तहत नरवा/नाला के जीर्णोद्धार से कृषकों एवं वन्यजीवों, साथ ही साथ जलस्तर में वृद्धि करना ÷नरवा विकास÷ का मूल संकल्प है।

इसी तारतम्य में नरवा विकास के तहत महासमुंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र बागबाहरा अंतर्गत वर्ष 2020-21 में बागबाहरा परिक्षेत्र के आमाकोनी परिवृत्त के परिसर चोरभट्ठी के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 103, 105, 106 बगनई नाला को उपचारित किया गया, बगनई नाला की कुल लंबाई 15.00 किमी. है एवं जल संग्रहण क्षेत्र का रकबा 802.00 हेक्टेयर है। जिसमें वन क्षेत्र का भू-जल संरक्षण एवं मृदा संरक्षण का उपचार किया गया। बगनई नाला के सुधार के लिए ब्रशवुड वेकडेन (160 नग) एवं डाईक (5 नग) संरचना के निर्माण किया गया। बगनई नाला के सुधार कार्य में ग्राम चोरभट्ठी के ग्राम वासियों को 2748 मानव दिवस के आधार पर 80 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उक्त निर्मित संरचना से लगभग 13.00 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई में सहयोग मिला है, जिससे लगभग 10 से 12 कृषक लाभान्वित हुए है। फलस्वरूप कृषक दोहरे फसल लगा रहे है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हुई। ÷नरवा विकास÷ वर्तमान ही नहीं अपितु भविष्य में जल की कमी की समस्या को दूर करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। नरवा विकास योजना से बगनई नाला के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया गया, बगनई नाला के जल स्त्रोतों को उपचारित करने से भूमि जल स्तर में सुधार एवं मृदा क्षरण को रोकने में अपनी महती भूमिका निभाई है। जिससे भू जल आधारित स्त्रोतों जैसे कुआ, बोर, हैंडपंप आदि में लम्बे समय तक जल उपलब्ध रहेगा। भू जल स्तर रकबा में वृद्धि के साथ जैव विविधता की स्थिति बेहतर हो रही है।

# सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर एवं आसपास चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** जिले में अपराधों पर त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 530/23, 715/23 धारा 457, 380 भादवि एवं 379, 34 भादवि के आरोपीयों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

आरोपी का नाम सुनील भारती पिता करिया भारती उम्र 35 वर्ष सा. भैसापसरा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, कमलेश उर्फ गोरे बघेल पिता विष्णु बघेल उम्र 22 वर्ष सा0 खोरसीनाला थाना सिटी कोतवाली है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी आशुतोष अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल उम्र 35 साल साकिन गार्डन चौक बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका ट्रेक्टर क्र. सीजी 04 जेडजी 6596 का बैटरी एवं दो नग लोहे का एंगल को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अप0 क्र0 530 /2023 धारा 379, भादवि का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा प्रार्थी संदीप जायसवाल साल साकिन बजरंग चौक बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका लेबर क्वाटर ग्राम मगरचबा में स्थित है, जहां प्रार्थी का लेवर रह कर खाना बनाते थे। खाना बनाने के बर्तन तथा उसी कमरे में ट्रक का सामान भी रखते थे। वर्तमान मे लेबर लोग तीजा पोला मनाने अपने-अपने घर ताला लगाकर चले गये है। 17 सितम्बर को कमरे का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे के अंदर रखा बर्तन, बैटरी व ट्रक का डिस्क नही था कि रिपोर्ट पर अप0 क्र0 715/2023 धारा 457, 380 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपीगण को जरिये मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपीगण का मेमोरण्डम कथन लिया गया। कथन में जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपीगण के निशादेही पर चोरी गई मशरूका बर्तन, लोहे का एंगल के निशानदेही के घर से बरामद किया गया तथा आरोपी सुनील भारती पिता करिया भारती उम्र 35 वर्ष सा0 भैसापसरा द्वारा अपने हिस्से की मशरूका दो नग बैटरी व ट्रक डिस्क सामान को बिक्री कर मिले राशि को खा-पीकर खर्च कर देना बताया है। चोरी गई प्राप्त मशरूका बर्तन, लोहे का एंगल को समक्ष गवाहन जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया है। आरोपीगण को उसका आरोप बताकर 18 सितम्बर के क्रमशः 14.25, 14.30 बजे विधिवत मुताबिक गिरफ्तार पत्रक गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में प्र आर 720 सुखसागर मरावी तथा पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार की विदाई की बेला आ चुकी है: मोतीराम चंद्रवंशी




**कवर्धा 20 सितंबर।** मां दतेश्वरी मंदिर से निकली भाजपा की परिवर्तन यात्रा कवर्धा होते हुये पंडरिया विधानसभा के दशरंगपुर पहुंचने पर हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय ने जोरदार स्वागत किया. भाजयुमो के नेतृत्व में पांच सौ से अधिक युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली के साथ परिवर्तन यात्रा की अगवानी करते हुये सभा स्थल पहुंचे । छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार निरंतर समर्थन मूल्य में हेर फेर कर केवल और केवल झूठ की सरकार चला रही है .। परिवर्तन यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा तथा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मां दंतेश्वरी के पावन धाम से शुरू हुए परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य भूपेश बघेल की भ्रष्ट सरकार को बदलना है । सभा को संबोधित करते हुए पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार की विदाई की बेला आ चुकी है । इस दौरान मंच पर जिलाध्यक्ष अशोक साहू , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला महामंत्री संतोष पटेल , समाज सेवी भावना बोहरा , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , सीताराम साहू , क्रांति गुप्ता, बिसेसर पटेल ,, भुनेश्वर चंद्राकर , कैलाश चंद्रवंशी, गोपाल साहू नरेश साहू एवं सभी मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या मैं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा पंडरिया विधानसभा के सातों मंडलों से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीज पर्व पर महिलाओ ने रखा निर्जला व्रत



**कवर्धा 20 सितंबर।** माँ विन्ध्वासिनी वार्ड न 27 रेवाबन्द पारा कवर्धा पुष्पा जायसवाल कूंचा जायसवाल कौशिल्या जायसवाल कुंती जायसवाल कुमारी जायसवाल लक्ष्मीं जायसवाल आरती जायसवाल गायत्री मनीषा पूजा रानू घर मे महिलाओ ने तीज का पर्व में पूजा अर्चना किये तीज पर्व को लेकर महिलाओ में दिखी उत्साह भादो मां की तीज तिथि को यह पर्व परंपरा चली आ रही है इस दिन सुहागिन महिलाएं24 घंटे का निर्जला व्रत रखकर सोलह सिंगार कर अपनी सुहाग की रक्षा के लिए भगवान शंकर शिव पार्वती की ध्यान लागकर विभिन्न प्रकार की फूलों की प्रजाति से निर्मित फुलेरा झुलानुमा बनाकर भगवान शंकर शिव पार्वती की मूर्ति को झूला में स्थापित कर पूरी रात भर भजन कीर्तन के साथ झूले को झुलाया जाता है व्रती महिलाएं भगवान शंकर से अपने पति की दीघायू के लिए मन्नते मांगती है।

### कवर्धा नगर पालिका में धूमधाम से विश्कर्मा जयंती मनाई गई



**कवर्धा 20 सितंबर।** कवर्धा नगर पालिका में विश्वकर्मा जयंती के दिन कार्य पालन अभियंता एम एल कुर्रे सहित समस्त स्टाफ ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की । पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया । सुबह से ही पीएचई आफिस , मुख्यमंत्री ग्राम सड़क आफिस , दुकानों में भगवान विश्वकर्मा की फोटो और मूर्ति की पूजा करते हुए दिखे ।

### मलकीत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की



**भिलाई 20 सितंबर।** खुर्सीपार आइटीआइ मैदान में गदर-2 फिल्म देखने के दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने पर हुए विवाद में निवासी मलकीत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है पुलिस ने युवा कांग्रेस के भिलाई नगर विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन शर्मा के भाई शुभम शर्मा को भी आरोपित बनाया गिरफ्तार किया है इस हत्याकांड में शुभम को सहअभियुक्त बनाया गया है बता दें कि बीते शुक्रवार की रात को दो मुस्लिम युवकों समेत अन्य आरोपितों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलने पर मलकीत सिंह की हत्या कर दी थी घटना के बाद पुलिस ने पांच आरोपित फैजल कुरैशी, तसव्वुर खान, शुभम लहरे, तरुण निषाद और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया था मृतक के स्वजन और घटना के गवाह लगातार शुभम शर्मा पर भी हत्या का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे लेकिन, पुलिस उसे आरोपित नहीं मान रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) संजय ध्रुव ने बताया कि मलकीत सिंह हत्याकांड के मामले में शुभम शर्मा को भी आरोपित बनाया गया है घटना स्थल के आसपास लगे करीब 30 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए और आरोपित शुभम शर्मा का सीडीआर निकाला गया जिसमें घटना स्थल पर उसकी उपस्थिति नजर आई। इस पर पुलिस ने आरोपित बनाया और उसकी गिरफ्तारी की।

### तेंदूपत्ता संग्राहक को 8 करोड़ 71 लाख वितरित

**गरियाबंद 20 सितंबर।** तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की गई है । तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवारों के लिए लागू की गई इस योजना में दुर्घटना और सामान्य मृत्यु के प्रकरणों में शासन द्वारा सहायता राशि दी जाती है। इस योजना से जिले के तेंदूपत्ता संग्राहक भी लाभान्वित हो रहे है। प्रारंभ से अब तक 617 प्रकरणों में 8 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये वितरित की जा चुकी है। गरियाबंद के 70 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के मुखिया एवं अन्य सदस्यों को तत्परता से लाभ दिलाने के लिए योजना के बारें में ग्रामीणों को लगातार बताया जा रहा है।

## एक नजर

### नव पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव का पदभार ग्रहण किया



**राजनांदगांव 20 सितंबर।** 18 सितंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर अपना पदभार ग्रहण किये इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक कौशलेश देवांगन, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक संतोष भुआर्या, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक भरत बरेठ एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कार्यालयिन स्टाफ उपस्थित थे।

### ग्राम हल्दी में नशे में धुत युवक के उत्पात मचाने पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 20 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे असामाजिक तत्वों एवं सट्टे की अवैध कारोबार की रोकथाम अभियान के तहत आज दिनांक 19.09.2023 को चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हल्दी में शराब के नशे में धूत युवक द्वारा आने जाने वाले लोगों को परेशान करने की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस चौकी सुरगी स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी इंद्र कुमार सोनकर पिता बुधराम सोनकर उम्र 35 वर्ष ग्राम हल्दी वार्ड नंबर 51 भट्ठा रोड पुलिस चौकी जिला राजनांदगांव को पकड़कर आरोपी के विरूध्द पुलिस चौकी सुरगी थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 00/2023 धारा 36(च)(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ! इसी प्रकार आज दिनांक 19.09.2023 को ग्राम सिंघोला में अवैध रूप से सट्टा लिखने की सूचना मिलने पर आरोपी छोटेलाल साहू पिता सुरेश कुमार साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम सिंघोला मठपारा वार्ड नंबर 11 पुलिस चौकी सुरगी जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से सट्टा लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी, एक नग डॉट पेन एवं नगदी रकम 710 रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छ ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया !

### अवैध शराब बिक्री पर चिचोला पुलिस की कार्रवाई



**राजनांदगांव 20 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना द्वारा जिले में चलाये जा रहे नशा उन्मुलन अभियान के अन्तर्गत अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय श्री प्रभात पटेल के दिशा-निर्देश में चौकी प्रभारी उमेश बघेल के मार्गदर्शन में चिचोला पुलिस द्वारा दिनांक- 18.09.2023 को गस्त पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना पर धमेन्द्र होटल के सामने ग्राम बापूटोला पुलिस चौकी चिचोला के पास में आरोपी धमेन्द्र कुमार सिन्हा पिता स्व0 अंकालू राम सिन्हा, उम्र- 26 साल साकिन, बापूटोला, ओ0पी0 चिचोला, जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़ कर आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल भरी हुई कुल मात्रा- 3.060 बल्क लीटर किमती- 1360/-रू0 एवं बिक्री रकम 320/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया है। चौकी चिचोला क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर एवं नाकाबंदी की कार्यवाही कर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधि होने पर उसमें वैधानिक कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने हो रहे उल्लेखनीय कार्य:मुख्यमंत्री



**रायपुर, 20 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान इंस्टिट्यूट में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभांवित मरीजों तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का अभिनंदन कर आभार जताया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के सलाहाकार श्री रूचिर गर्ग तथा डॉ. प्रीति नागरिया, डॉ. स्मिथ श्रीवास्तव, डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके तहत प्रदेश के दूरस्थ वनांचल तक सुगम इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। हमारे लिए यह गर्व की बात हैं कि आज छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों में भी ऐसे उपकरण और ऐसी सुविधाएं हैं, जिनकी तुलना विश्वस्तर पर की जा सकती है। शासकीय भीमराव आंबेडकर अस्पताल का यह एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट भी इन्हीं में से एक है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान एडवांस कार्डियक इंस्टीट्युट मेकाहारा, रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए वहां आधुनिक उपकरणों सहित तमाम जरूरी सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हृदय रोगों को अत्यंत गंभीर रोगों में शामिल माना जाता है। इन रोगों के उपचार की प्रक्रिया भी बहुत जटिल और महंगी होती है। अस्पतालों में अक्सर जरूरी उपकरणों और संसाधनों का भी अभाव रहता है। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के माध्यम से इन जरुरती को पूरा करने की कोशिश हम लोगों ने की है। हृदय रोगों के साथ-साथ अन्य सभी तरह के रोगों के उपचार में मरीजों को आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान अवगत कराया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के दायरे में प्रदेश के 69 लाख परिवार शामिल है। अभी तक 3643 करोड़ 09 लाख रुपए 36 लाख 43 हजार क्लेम प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। अभी कुछ समय पहले तक यह राशि 20 लाख रुपए थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 02 हजार 643 मरीजों को 79 करोड़ 57 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यह भी बताया कि रायपुर का पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और डॉ. भीमराव आंबेडकर शासकीय अस्पताल हमारे छत्तीसगढ़ का गौरव है। इन दोनों संस्थानों का लाभ छत्तीसगढ़ के नागरिकों के साथ-साथ हमारे पड़ोसी राज्यों के नागरिकों को भी मिल रहा है। डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल के सभी विभागों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के साथ-साथ हमने इसकी अधोसंरचना के विस्तार का काम भी शुरू कर दिया है।

## परिवर्तन यात्रा नहीं, पश्चाताप यात्रा निकालें भाजपा के नेता : राहुल तिवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अम्बागढ़ चौकी 20 सितंबर।** खुज्जी विधानसभा के जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने भाजपा द्वारा निकाले परिवर्तन यात्रा पर भाजपा के नेताओं को आईना दिखाते हुए कहा कि भाजपा के नेता परिवर्तन यात्रा की बजाय पश्चाताप यात्रा निकालना चाहिए छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार 15 वर्षों तक भाजपा को मौका दिया और लगातार 15 वर्षों तक भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का कार्य किया है। अब छत्तीसगढ़ की खुशहाल जनता राज्य में परिवर्तन नहीं चाहती और चीख चीख कर कह रही है भूपेश है तो भरोसा है, और बदलबो ए दारी दिल्ली में बैठे मोदी सरकार ला बदलबो। साथ ही परिवर्तन यात्रा में आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी के लिए राहुल तिवारी ने कहा काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। 15 वर्षों तक रमन सरकार की वादाखिलाफी और विगत 9 वर्षो से मोदी सरकार के जुमलों का रिपोर्ट कार्ड जनता के पास है। परिवर्तन यात्रा के साथ अरुण साव घूम-घूम कर झूठ परोस रहे हैं। आज भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की छवि विश्वासघातीयों के रूप में हो चुकी है। अरुण साव भले ही स्वीकार करे या न करें जनता के रिपोर्ट कार्ड और गूगल में सब कुछ दर्ज है। अरूण साव गूगल में सिर्फ़ झूठा या जुमलेबाज लिखकर तस्दीक कर ले। झूठा, भ्रम, गलत बयानबाजी और वादाखिलाफी का रिकॉर्ड भाजपा का है। 15 साल रमन सिंह के कुशासन में किसानों को बोनस के नाम पर ठगा गया, युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करके बेचते रहे, छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित किया गया। बस्तर के 700 गांव से तीन लाख से अधिक आदिवासियों को पलायन के लिए मजबूर किया। 2003 में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक आदिवासी परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा था, 15 साल सरकार में रहते रमन सिंह को याद नहीं आया। हर गांव में एक महिला और एक पुरुष को ग्राम प्रहरी बनने का वादा किया था बने एक भी नहीं। प्रत्येक आदिवासी परिवार को 10 लीटर दूध देने वाली जर्सी गाय देने का वादा था जो दिए नहीं। 2003 में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने वादा किया था प्रत्येक 12वीं पास को 500 रूपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का, दिए नहीं। दूसरी ओर आम जनता के उम्मीदो पर खरा उतरने का रिकॉर्ड कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने बनाया है। समृद्धि और सुशासन के सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है। भूपेश सरकार ने तो वादे से ज्यादा करके दिखाया है। रमन राज में जो 3000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए थे उन्हें भूपेश सरकार ने पुनः शुरू कराया है। इसके अलावा उच्च गुणवत्ता युक्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए भूमिहीन कृषि श्रमिक न्याय योजना के तहत 7000 रुपया प्रति वर्ष और बेरोजगारी भत्ता ढाई हजार रुपया प्रतिमाह जो 2018 के घोषणापत्र के वायदों के अतिरिक्त है। आज छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 5 वर्ष के कार्यकाल ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल को शून्य साबित कर दिया है।

## मोहला में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता

**मोहला 20 सितंबर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड मोहला में किया गया। यह प्रतियोगिता विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित था। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन ने जानकारी दिया कि पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि बढ़ाने तथा आविष्कारों के प्रति विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता कराया गया। इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराया जाएगा यह प्रतियोगिता सर्वप्रथम स्कूल स्तर पर तत्पश्चत संकुल स्तर पर और इसी क्रम में विकास खंड स्तर व जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान हिमाचल साहू स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला, द्वितीय स्थान प्रतिज्ञा माध्यमिक शाला वागिनसुर, तृतीय स्थान मीक्षा , चतुर्थ स्थान हिना माध्यमिक शाला डूमरटोला रहे। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्तर पर तेजा तेजस्विनी सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान तेजस्विनी व द्वितीय स्थान पर खुशबू कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मोहला, ट्विंकल हाई स्कूल मोतीपुर, आयुष गुप्ता स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला रहे। विकासखंड स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल वर्मा, जिला नोडल वीरेंद्र पाल लाड़ेश्वर, व्याख्याता केके वर्मा, रविंद्र रामटेक, श्यामधर टंडन, प्रदीप जांघेल सीएसी मलेश कुमार मालेकर, अतिताभ वर्मा, नूतन सिंह साहू व शिक्षक राकेश देशमुख, लोकेश कुमार सिंह ज्योति ऊके आदि उपस्थित थे।



### लोधेश्वर महादेव मंदीर में होगा धर्मशाला का निर्माण

**डोंगरगढ 20 सितंबर।** भगवान भोलेनाथ की महिमा अपरम्पार है। ग्राम पंचायत छिपा में भगवान भोलेनाथ की लोधेश्वर महादेव घाट मंदिर परिसर में भव्य धर्मशाला निर्माण के लिए ग्रामीणों की बहुप्रतिक्षित मांग पर जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के प्रयास द्वारा शासन से 4.50 लाख की राशि स्वीकृत कराया गया है जिसका समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के कर कमलो द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण कराना लोधी समाज में सदियों से चली आ रही है व ग्राम के छिपा बगीचा के नाम पर शादी में लगीन में दर्शाया गया है भवन का निर्माण हो जाने से यात्रियों को ठहरने के लिए एक उचित स्थान मिल जाएगा व यात्रियों को सुविधा मिलेगी साथ ही मंदिर परिसर का रौनकता भी बढ़ जाएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य मनोज सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत छिपा ओमप्रकाश लिल्हारे संकट मेला अध्यक्ष एनेश्वर वर्मा डोंगरगढ़ लोधी सर्किल सामज अध्यक्ष ओमकार लिल्हारे रोहित लिल्हारे गुरूजी दानेश्वर लिल्हारे वा समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।



## अवैध मदिरा परिवहन करने पर सख्त कार्रवाई करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट कार्यालय के चिप्स कक्ष में आबकारी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थापित चेकपोस्ट और बेरियर में किए जा रहे सघन जांच की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को चेकपोस्ट में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने कहा, जिससे एक अच्छी व्यवस्था बनेगी और अच्छा कार्य होगा। उन्होंने चेकपोस्ट में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे अवैध शराब परिवहन पर तेजी से कार्रवाई हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने चेक पोस्ट में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क एवं सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी गाड़ियों को नियमित रूप से चेक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध रूप से मदिरा परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में अवैध रूप से मदिरा विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने पाटेकोहरा, बागनदी, बोरतलाव सहित जिले के अन्य चेकपोस्ट में तैनात विभागों को सीसीटीवी कैमरा लगाने और रजिस्टर में एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकपोस्ट से आने-जाने वाले गाडियों की जानकारी प्रतिदिन देने के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरत के अनुरूप चेकपोस्ट के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने कहा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से वेयर हाउस का जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर निरंतर वाहनों की जांच की जा रही है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल, सहायक आयुक्त आबकारी श्री अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## पिस्टल लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगावं 20 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक श्री भरत बरेठ एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के मद्देनजर शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु एवं गणेश पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टि से असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत् आज दिनांक 19.09.2023 को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि हर्ष सरदार नामक व्यक्ति कंचनबाग पानी टंकी के पास् राजनांदगांव में पिस्टल लेकर घुम रहा है, आसपास के लोग दहशत में हैं, कि सूचना पर तत्काल सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना कोतवाली स्टॉफ के सयुक्त टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता हर्षित सिंह उर्फ हर्ष सरदार पिता सुखविंदर सिंह उम्र 23 वर्ष साकिन संगम चौक तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, तलाशी लेने पर एक नग देशी पिस्टल एवं 01 नग 7.65 एम0एम0 का जिन्दा कारतूस उसके कब्जे से मिला, आरोपी द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद से अवैध रूप से पिस्टल रखना पाये जाने से मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत् सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 735/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



## हर वर्ग के चेहरा म लावत हे खुशी, भूपेश है तो भरोसा है : सीमा यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 20 सितंबर।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अचंल पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती सीमा यादव के नेतृत्व में 19 सितंबर से भरोसे के यात्रा की दूसरे चरण की शुरुआत की गई। भरोसे के यात्रा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों डुमहडीह ,लालूटोला,पिनकापार, नवागांव, कुबराडीह,पाटेकोहरा, चिचोला, महाराजपुर, रामपुर पहुंची, जहां गांव के महिलाओ, युवा, बुजुर्गो द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती सीमा यादव का फूल माला से जोरदार भव्य स्वागत किया गया। श्रीमती सीमा यादव ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे इस उद्देश्य से भरोसे की यात्रा की दूसरे चरण की शुरुआत की गई है।

**भरोसे के यात्रा के पहले दिन हुआ भव्य स्वागत:** भरोसे की यात्रा पहले दिन जैसे जैसे यात्रा गांव पहुंची गांव के महिलाओ बुजुर्गों द्वारा फुल माला, हार से जिला महिला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीमती सीमा यादव का जोरदार स्वागत किया गया। भरोसे की यात्रा में महिलाएं स्वयं यात्रा में सम्मिलित होकर भावुक होने लगी। ग्रामीणों ने भूपेश बघेल सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।कि छत्तीसगढ़ में पहली छत्तीसगढ़ीया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी बनिस जो छत्तीसगढ़ वासियों के हित में काम कर हमर छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक ला बढ़ावा देने का काम किया।

श्रीमती सीमा यादव ने कहा कि भूपेश बघेल जी की सरकार में किसानो की स्थिति मजबूत हुई है।आज हर वर्ग को भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है।आज डुमहडीह से भरोसे की यात्रा की दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। हमारा लक्ष्य है कि भरोसे की यात्रा के माध्यम से भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम लोगों तक पहुंचे व योजनाएं का लाभ सभी को मिल सके।मेरा पदयात्रा का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस को मजबूत करना एवं प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओ व बुजूर्ग महिला यूवा नौजवान लोगो तक कांग्रेस की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक पहुँचाना है और छत्तीसगढ़ीया मुख्य मंत्री भूपेश बघेल सरकार फिर से लाना है।



### विकास की अनेक संभावनाएं केवल राजनैतिक उपेक्षा ही शहर के विकास में रोड़ा



**डोंगरगढ़ 20 सितंबर।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में विकास की अनेक संभावनाएं है और केवल राजनैतिक उपेक्षा से शहर के विकास में रोड़ा उत्पन्न हो रहा है कहते हुए नगर साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने बताया कि जैसा की हम सभी को अवगत है डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में कितना महत्व पूर्ण स्थान रखता है लेकिन इस विषय को आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नही समझ पाया और केवल निजी राजनैतिक लाभ रहा डोंगरगढ़ का चहुमुखी विकास पूर्ण रूप से कछुए की गति से भी धीरे है आज डोंगरगढ़ में बाईपास रोड की मांग, पर्यटन संबधी कुटीर एवम लघु उद्योग की स्थापना,डोंगरगढ़ विकास प्राधिकरण की मांग डोंगरगढ़ में रोजगार के अवसर बढाना, बेहतर स्वास्थ सुविधा, उच्च शिक्षा, नशे से मुक्त शहर आज युवा पीढ़ी नशे की गिरिस्त में है क्या ऐसी सोच रखना गलत है क्या हमारे जनप्रतिनिधि को इस विषय में बोध कराना गलत है क्या जिस शहर ने हमे दो वक्त की रोटी दी आज तक हमारे परिवार का पालन पोषण किया उस देवी नगरी के विकास के बारे में सोचना गलत है मेरा उद्देश्य किसी को भी ठेस पहुंचना नही है मेरा इतना मानना है आने वाले समय चुनाव का है आप सभी मतदाताओं से अपील है की कृपया डोंगरगढ़ के विकास के बारे में सोचे ताकि आने वाली पीढ़ी हम पर फ़र्क़ करे ना की अफ़सोस।

### मुख्यमंत्री बघेल ने खुर्सीपार में बीपीओ सेंटर का किया लोकार्पण

**रायपुर, 20 सितंबर ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत खुर्सीपार में 7 करोड़ की लागत से नवनिर्मित बीपीओ सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सेंटर में युवकों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार हेतु निजी संस्थाओं को आगे ला रही है। जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। ज्ञात हो कि भिलाई के इस बीपीओ सेंटर के माध्यम से लगभग 700 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक श्री देवेंद्र यादव, महापौर श्री नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## भाजपा को परिवर्तन नहीं प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 20 सितंबर।** विधानसभा चुनाव करीब आते ही छत्तीसगढ़ की प्रमुख पार्टी कांग्रेस व भाजपा ने एक दूसरे पर ब्यानबाजी कर रहे है और शासनकाल में किए गए विकास कार्यो में भ्रस्टाचार करने का आरोप एक दूसरे पर मढ़ते हुए राजनीतिक दांव पेंच का खेल शुरू कर दिया गया है। डोंगरगढ़ में भाजपा परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के उस बयान पर कि डोंगरगढ़ का विधायक भुनेश्वर बघेल नहीं नवाज खान है के बयान पर तंज कसते मीडिया के समक्ष कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता हमेशा झूठ बोलने का कार्य करती है और यहाँ के जो लोकल नेता है उनको प्रदेश अध्यक्ष को भी झूठ बोलवाने का काम कर रहे है। मैं निर्वाचित प्रतिनिधि हुँ और लगभग साढ़े चार पौने पांच सालों से जनता के बीच जाकर काम कर रहा हूँ उनको अपने आँख से चश्मा हटाने की जरूरत है। भाजपा हमेशा झूठ बोलने का काम करती है। परिवर्तन यात्रा किसलिए? मैंने पहले भी कहा था कि परिवर्तन यात्रा क्या हम जो किसानों का 25 सौ रू में धान खरीद रहे उसका वो परिवर्तन चाहते है या स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलकर गरीब बच्चों पढ़ाने का काम कर रहे है उसके लिए परिवर्तन चाहते है। भाजपा अपना विजन क्लियर करें कि आखिर परिवर्तन किसलिये चाहते है?

**जय और वीरू की जोड़ी का कोई मुकाबला नहीं- नवाज :** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के उस बयान पर कि डोंगरगढ़ का विधायक भुनेश्वर बघेल नहीं नवाज खान है के बयान पर कटाक्ष करते मीडिया के सामने कहा कि पहली बात तो भारतीय जनता पार्टी जो परिवर्तन यात्रा निकाल रही है परिवर्तन यात्रा नहीं छत्तीसगढ़ में प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए। किस चीज का प्रायश्चित तो बता दूँ कि जो किसानों से धोखाधड़ी हुई उसका प्रायश्चित। 2003 की जर्सी गायों का प्रायश्चित। 2014 के लोकसभा चुनाव में आम जनता के खातों में 15 लाख की घोषणा जो नहीं दे पाए उसका प्रायश्चित और 20 हजार करोड़ जो पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह व उनके सुपुत्र अभिषेक सिंह द्वारा विस्थापित चिटफंड कंपनियों ने गरीब किसान और मजदुरो को लुटा है उसकी प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए। यदि एक लोकप्रिय व शक्तिशाली विधायक उनको नजर नहीं आ रहा है तो निश्चित रूप से उन सभी को ईलाज की आवश्यकता है ये सारे नेता मानसिक रूप से दिवालियापन हो चुके है इनको स्पष्ट रूप से हार नजर आ रही है इसलिए ये इस तरह से अनर्गल बयान बाजी दे रहे है। दूसरी बात आप परिवर्तन की बात कर रहे है तो बताये कि किसी को गाली बककर नीचा दिखाकर परिवर्तन आयेगा ? आप किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए क्या करना चाहते हो अपनी बात अपने मंच से रखो। क्योंकि पांच सालों में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने जो गोधन योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित अन्य योजनाओ के माध्यम से छत्तीसगढ़ के किसान व गरीब मजदूरों को उठाने का काम किया है वो कोई नहीं कर सकता इसलिए घबराए हुए लोग है।

## संपादकीय

# नया संसद भवन,नए युग की शुरुआत

संसार का नियम परिवर्तन है। संसार बदलता रहता है, पुराने पत्ते झरते हैं तो नए पत्ते आते हैं। पुराना भवन की जगह नए भवन बनते है। पुराने घर से एक दिन नए घर में जाना पड़ता है। पुराना भवन तब की जरूरतों के हिसाब से ठीक था लेकिन नए युग की नई जरूरतें है तो नई जरूरतों के हिसाब नया भवन बनाया जाता है। पुराने भवन को छोड़कर नये भवन में प्रवेश होता है। 19 सिंतबर का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सुनरहे अक्षरों में दर्ज हो गया। यही वह तारीख है जिस दिन देश के सांसद पुराने बवन से नए भवन में गए। यह काम तो बरसों पहले हो गया होता। कुछ देर से ही सही यह काम अच्छा हुआ है। देश को नए समय की जरूरत के हिसाब से नए संसंद भवन की जरूरत थी,यह भवन आज देश को मिल गया है। यह गौरव का क्षण है। ऐतिहासिक दिन है। पुराने संसद भवन को अ्लविदा कहना भी एक यादगार दिन था। इस दिन नेताओं ने याद किया कि संसद में क्या कुछ ऐतिहासिक हुआ था। क्या कुछ अच्छा बुरा हुआ था। पुराना संसद आजादी के बाद के कई ऐतिहासिक दिनों का साक्षी रहा है। यहां देश के लिए कई कानून बने, कई संविधान संसोधन हुए। कई नेताओं ने अपे ऐतिहासिक भाषण दिए। संसद भवन ने लोकतंत्र के कमजोर होते देखा है तथा मजबूत होते देखा है। पक्ष और विपक्ष की तीखी नोकझोंक देखी है तो जरूरत के वक्त की यादगार एकता भी देखी है.पुरानी संसद भवन में एक युग का समापन हुआ है तथा नई संसद भवन में एक नए युग की शुरुआत हुई है। इस मौके पर पीएम मोदी ने देश के मुखिया के नाते पुराने संसद भवन में जो भाषण दिया वह हमेशा इस बात के लिए याद किया जाएगा कि उन्होंने एक मुखिया की तरह घर के तमाम लोगों के योगदान को याद किया जिन्होंने देश के निर्माण अहम योगदान दिया। आज का दिन एकजुटता दिखाने का दिन था। इसकी शुरुआत पीएम मोदी ने की।उन्होंने इस मौके पर देश के तमाम प्रधानमंत्रियों का नाम लिए, उनके कामों को याद किया। सांसदों को याद किया। मीडिया को याद किया। उन तमाम बनाए कानूनों को याद किया जो देश के लोगों के लिए बनाए गए और आज उसका लाभ लोगों को मिल रहा है। जब पुराने संसद भवन को अलविदा कह कर सांसद एक साथ पीएम मोदी के नेतृत्व मे नए संसद भवन की तरफ बढ़ रहे थे तो यह एक अद्भुत दृश्य था। ऐसा लग रहा था कि देश पुराने युग को अलविदा कर नए युग में प्रवेश कर रहा था। इस मौके पर पक्ष व विपक्ष की एकजुटता देखकर देश के लोगों को अच्छा लगा। गणेश चतुर्थी के दिन नए संसद भवन में कामकाज की शुरुआत हो गई है तो उम्मीद की जानी चाहिए। विघ्नहर्ता अब देश के विकास के रास्त में जो भी विघ्न आएगा उसे दूर करेंगे। पक्ष व विपक्ष दोनों को इस बात का समय पर एहसास दिलाएंगे कि वह मिलकर देश की जनता के लिए अच्छा काम कर सकते हैं। अच्था काम करने के लिए उन्हें जनता ने चुना है तो उन्हें अच्छा काम करके दिखाना चाहिए। पुराने संसद में जितना अच्छा काम हुआ, उससे ज्यादा अच्छा काम नए संसद भवन में होगा ऐसी उम्मीद देश की जनता सासंदों से करती है। पीएम मोदी ने पुरान संसद भवन से नए संसद भवन जाते वक्त सांसदों को जिस तरह नेतृत्व किया, वह देखकर देश को अच्छा लगा। इस तरह पीएम मोदी ने देश की जनता को संदेश दिया है कि देश का हर सांसद देश हित में काम करने के लिए तत्पर है। हर सांसद का दायित्व भी यही है कि वह देश की जनता के हित में संसद मे काम करे। सभी को ऐसा करना भी चाहिए। दलगत राजनीति के चलते कभी कभी सांसदों को वह सब भी करना पड़ता है जो देश हित व जनहित में नही होता है, इसके लिए वे दोषी नहीं होते हैं, उनकी पार्टी दोषी होती है। क्योंकि पार्टी के लिए तो राजनीतिक हित सबसे पहले होता है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जिससे वह काफी खुश होंगे। हिंदी साहित्य से जुड़े लोगों को आज सम्मान मिलेगा। अपना नया बिजनेस विदेश में स्टार्ट करने का प्लान आज कामयाब होगा, जो अधिक लाभ भी देगा। आपको अपनी कंपनी में अच्छा काम करने पर बॉस द्वारा अच्छा बोनस मिलेगा और पदोन्नति की भी संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहद खास पल लेकर आयेगा। बड़े-बुजुर्गो के आशीर्वाद से आज किसी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा, आपका दांपत्य जीवन खुशहाल होगा। अगर आप कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर चला रहे हैं तो आप के लिए दिन अच्छा है क्योकि आज ज्यादा संख्या में बच्चे कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करेंगे। इस राशि की महिलाओं का बिजनेस आज ज्यादा लाभ देगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि- आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। सिविल इन्जीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा, जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप किसी बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपके सारे काम अच्छे ढंग से होंगे। आज आप बच्चों को घुमाने ले जाएंगे, जहां बच्चे खूब आनन्द उठाएंगे। मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे बिजनेस में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि- आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। आप अपने माता पिता को कोई गिफ्ट देंगे जिससे वह आपसे काफी खुश होंगे। स्वास्थ्य की समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाए, जिससे आपको आराम मिलेगी। बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बच्चे आज खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे। परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता मिलने से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आपको आज धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे। जीवनसाथी से आपको कोई उपहार मिलेगा जिसे देखकर बहुत ही खुशी होगी। किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए आपको कॉल आएगा। दोस्तों के साथ आज आप मूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आज आप जो भी काम करेंगे उसमे आपको सफलता मिलेगी। संतान पक्ष से आपको कोई आपकी मनपसंद वस्तु उपहार में मिलेगा, जिससे आपको उस पर बहुत गर्व महसूस होगा। सारे कामों को आप गंभीरता से करेंगे जिससे आपका काम सफल होंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। अगर आप एक कहानीकार है तो आपकी कोई कहानी आज लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी। कार्य क्षेत्र में परेशानी और रुकावटें आने के बावजूद भी आप मेहनत से कार्य करेंगे, जिससे आपको लाभ मिलेगा। छात्र आज किसी टॉपिक को समझने के लिए शिक्षकों का सहयोग लेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन में आ सकते हैं, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी। आप आपके घर पर कोई नया मेहमान आएगा जिससे घर का माहौल अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, आप कोई तकनीकी सीख सकते है जो भविष्य में काम आएगा। आपको अपना व्यवहार निखारने की जरूरत है, लोगों पर इम्प्रेशन अच्छा जमेगा।

धनु राशि- आज अपने दिन की शुरुआत नये उत्साह से करेंगे। किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा, जिससे आपका प्रमोशन होगा। दूर शहरो में संपर्क बनाना आपके व्यापार को लाभ दिलायेगा। प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे लोगों को आज अच्छा बोनस मिलेगा, जिससे वह लोग मिलकर पार्टी करेंगे। छोटी-छोटी बातों को लेकर गुस्सा करने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे पर भरोसा बनाकर रखें, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

मकर राशि- आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ो की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। छात्र अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए आज शिक्षकों से परामर्श लेंगे। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। ऑनलाइन सामान मंगवाने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है, अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। आपका स्वास्थ्य आज फिट एंड फाइन रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने दोस्त के साथ उसका एडमिशन करवाने के लिए किसी दूसरे स्टेट में जाएंगे जहां आप धार्मिक स्थानों पर भी घूमने जाएंगे। जीवनसाथी आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा। कामों को आप अपने धैर्य से पूरा करेंगे। लवमेट आज घूमने जाएंगे, रिश्ते में और मजबूती आयेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशियों का पल लेकर आएगा। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करके इस पर चर्चा करेंगे। अपने बच्चो के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। दोस्तों को आज डिनर कराने के लिए आप किसी अच्छे से होटल में जाएंगे। आज आप किसी विजिट पर जाएंगे जहाँ आप नए लाभकारी लोगों से मिलेंगे। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# भारत का मान बढ़ाकर सिराज ने ट्रोलर्स'के मुंह पर जड़ा तमाचा

**एशिया कप**

**निर्मल रानी**



श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में हुये एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। भारत ने श्रीलंका की पूरी टीम को केवल 50 रनों में समेट कर रख दिया और एशिया कप फ़इनल मैच 10 विकेट से जीत लिया। हालांकि भारत आठवीं बार एशिया का चैंपियन बना है परन्तु निश्चित रूप से 2023 के एशिया कप का भारत व श्रीलंका के मध्य खेला गया फ़इनल मैच इतिहास में दर्ज हो गया। भारतीय टीम की इस अभूतपूर्व विजय का सेहरा भारतीय क्रिकेट टीम के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज के सिर रहा। मोहम्मद सिराज ने सात ओवर में मात्र 21 रन देकर श्री लंका के छह विकेट ले लिए। उन्होंने चार विकेट तो केवल एक ओवर में ही झटक लिये थे। इस फ़इनल मैच की एक विशेषता यह भी थी कि इसमें टॉस भी श्री लंका ने जीता,उसके बाद बल्लेबाज़ी का निर्णय भी लंका ने लिया। इतना ही नहीं बल्कि खेल का मैदान भी श्री लंका का ही था। उसके बावजूद इतनी शर्मनाक हार ? कहा जा रहा है कि अपने ही होम ग्राउंड में ऐसी ऐतिहासिक शिकस्त आज तक किसी भी टीम की नहीं हुई है। मोहम्मद सिराज ने अपनी तूफ़नी गेंदबाज़ी से न केवल अपनी गुणवत्ता प्रमाणित की है बल्कि वे अब विश्व क्रिकेट के सबसे ख़तरनाक गेंदबाज़ों में भी शामिल हो गए हैं। वर्ल्ड कप से पहले भारत को इतनी बड़ी विजय मिलने से मोहम्मद सिराज और भारतीय टीम को भी विश्व कप के लिये भी एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। पूरे विश्व का क्रिकेट जगत इस समय इस महान भारतीय तेज़ गेंदबाज़ पर नज़रें गड़ाये बैठा है। देश विदेश में इस समय क्रिकेट प्रेमी भारतीय टीम को मोहम्मद सिराज के रूप में मिले




इस नायाब खिलाड़ी का गुणगान कर रहे हैं। बेशक भारत के प्रत्येक राष्ट्रवादी नागरिक को अपने इस महान खिलाड़ी पर गर्व है।

मोहम्मद सिराज का जन्म हैदराबाद के अत्यंत ग़रीब परिवार में हुआ। उनके पिता ऑटो टैक्सी ड्राइवर थे जबकि माँ दूसरे के घरों का काम कर अपने परिवार के पालन पोषण में सहभागी रहा करती थी। ग़रीबी का यह आलम था कि क्रिकेट खेल की प्रतिभा होने के बावजूद उन्हें कभी क्रिकेट एकेडमी जाना तक नसीब नहीं हुआ। यहां तक कि सिराज के पास खेल अभ्यास हेतु स्टेडियम जाने तक का किराया नहीं होता था। जब इसी महान संस्कारवान खिलाड़ी को पिछले दिनों लंका में उसके अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ़द मैच घोषित किया गया तो उसने इनाम में मिली राशि जो 5,000 यूएस डॉलर यानि लगभग सवा चार लाख रूपये बताई जा रही है, उसी समय श्रीलंका के ग्राउंड स्टाफ़को भेंट कर दी । ऐसा करके भी सिराज ने देश का नाम रोशन किया। और विदेश की धरती पर भारत का डंका बजा दिया। परन्तु हमारे देश में संकीर्णतावदी,साम्प्रदायिकतावादी और बिकाऊ ट्रोलर्स जिन्हें मुसलमानों के नाम से ही नफ़रत करने की घुट्टी पिलाई जा चुकी है उन्होंने भारतीय टीम में शामिल होते ही मोहम्मद सिराज की प्रत्येक गतिविधियों पर नज़र रखनी शुरू कर दी थी । और सिराज की जो अदा इन समाज विभाजक अराजक तत्वों को नहीं भाती थी उसपर वह उसे ट्रोल भी करने लगते थे। वे यह भी नहीं सोचते थे कि एक खिलाड़ी पर मानसिक तौर से इन बातों का कितना दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिसका असर उसके खेल पर भी पड़ सकता है ?

इसी वर्ष फ़रवरी में जब भारत व ऑस्ट्रेलिया के मध्य पहला टेस्ट मैच नागपुर के जामठा क्रिकेट स्टेडियम खेला जाना था उसी मुक़ाबले के लिये जब भारतीय क्रिकेट टीम नागपुर पहुंची तो होटल में प्रवेश करते समय टीम इंडिया के खिलाड़ी और टीम स्टाफ़के स्वागत के लिये होटल कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को तिलक लगाने की रस्म निभाई। यहाँ टीम के कई सदस्यों ने माथे पर तिलक लगवाने से मना कर दिया। इनमें मोहम्मद सिराज,उमरान मलिक, स्टाफ़ के सदस्य हरि प्रसाद मोहन तथा विक्रम राठौर जैसे लोगों ने किन्हीं कारणों से तिलक नहीं लगवाया। परन्तु पेशेवर ट्रोलर्स ने उस समय तिलक न लगवाने के लिये केवल उमरान मलिक और सिराज को ही निशाना बनाया और इनपर आरोप लगाया कि 'ये अपने धर्म के प्रति कट्टर हैं और वह स्वागत तिलक भी नहीं लगवा सकते हैं'। परन्तु इनके मुंह से हरि प्रसाद मोहन तथा विक्रम राठौर के तिलक न लगवाने के बारे में एक शब्द भी न निकला ? हालांकि उसी समय इन विभाजनकारी ट्रोलर्स को आइना दिखने वाला वह वीडिओ भी लोगों ने शेयर कर डाला जिसमें उमरान मलिक और मोहम्मद सिराज के अलावा विक्रम राठौर और हरि प्रसाद मोहन भी तिलक लगाने से मना कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि विभाजनकारी ट्रोलर्स के जवाब में कई वास्तविक राष्ट्रवादियों ने उसी समय सिराज और उमरान की घातक बॉलिंग के वीडियो भी शेयर किए जिसमें ये दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम के लिए विकेट लेते नज़र आ रहे थे। ग़ौर तलब है कि हैदराबाद के सिराज जहां वनडे में दुनिया के नंबर वन गेंदबाज़ हैं तो कश्मीर के उमरान मलिक भी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए सितारे हैं।

इसी तरह कुछ समय पूर्व सिराज ने अपनी एक फ़ेटो शेयर की थी जिसमें वे हज का लिबास पहने मक्का ( सऊदी अरब ) में उमरा करने के लिये गये हुये दिखाई दे रहे हैं। इस फ़ेटो को देखकर भी कट्टर ट्रोलर्स को खूब मिर्च लगी थी। उन्होंने सिराज को कट्टरपंथी बताना शुरू कर दिया था। आश्चर्य है कि जब इसी भारतीय क्रिकेट टीम का कोई खिलाड़ी किसी विवादित व पाखंडी स्वयंभू बाबा के चरणों में जा बैठे या इसरो का वैज्ञानिक अपने मंदिर जाने की फ़ेटो शेयर करे तो यह लोग धार्मिक प्रवृति के कहे जाएँ परन्तु सिराज की उमरा करने की फ़ेटो इन्हें ÷कट्टरपंथी÷नज़र आने लगे ? देश में कई बार कई घटनाओं में ऐसा देखा गया है जबकि राष्ट्र विभाजक इन्हीं साम्प्रदायिक तत्वों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया है। यहाँ तक कि धर्म के आधार पर बलात्कारी,दंगाइयों व हत्यारों तक का पक्षपात करते अनेक बार दिखाई दिए हैं। निश्चित रूप से घृणा फैलाने के इसी मौजूदा वातावरण में अपनी तूफ़नी गेंदबाज़ी से भारत का मान व सम्मान बढ़ाकर मोहम्मद सिराज ने बेशर्म विषाक्त ट्रोलर्स के मुंह पर ज़ोरदार तमाचा जड़ दिया है।

# वाहनों पर जातिगत-धार्मिक स्टिकर अशांति के स्पीकर-तनाव के ट्रीगर

**चिंतन**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**वाहनों पर जाति और धार्मिक स्टिकर की कानूनी जांच व्यक्तिगत अभिव्यक्तियों, सांस्कृतिक प्रथाओं और कानूनी नियमों के बीच तनाव को रेखांकित करती है। जातिगत पहचान को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति दूसरों के बीच ईर्ष्या और कड़वी प्रतिक्रिया पैदा कर सकती है और हमारे समाज में बढ़ते जातिगत तनाव को प्रतिबिंबित कर सकती है। सामाजिक रूप से कहें तो, यह अपनी जातिगत पहचान के साथ संपन्नता या नव अर्जित धन का प्रदर्शन है। अगर कोई इस तरह के कृत्यों का गहराई से अध्ययन करता है तो पता चलता है कि यह एक तरह से नव-अमीर सामाजिक वर्गों द्वारा अपनी सफलता का जश्न मनाने और इन सफलताओं के लिए अपनी जातियों को श्रेय देने का प्रयास है।**



जातिगत पहचानें लगातार नए अवतार लेती रहती हैं और हमारे सामाजिक जीवन में फिर से प्रकट होती हैं। वे वायरस की तरह उत्परिवर्तित होते हैं और विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक सामाजिक जुड़ाव को नुकसान पहुंचाते हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत, कार या दोपहिया वाहन पर पंजीकरण प्लेट सहित कहीं भी चिपकाए गए स्टिकर या संदेश या कुछ भी नहीं लिखा जा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 179 (1) वाहनों पर जाति और धर्म-विशिष्ट स्टिकर और लेखन के उपयोग पर रोक लगाती है। उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा वाहनों पर %जाति और धार्मिक स्टिकर% प्रदर्शित करने के लिए चालान जारी करने की हालिया कार्रवाई ने ऐसे स्टिकर की वैधता के बारे में बहस छेड़ दी है। यह कदम, एक विशेष अभियान का हिस्सा, वाहन नियमों, सामाजिक मानदंडों और कानूनी प्रतिबंधों के अंतर्संबंध पर सवाल उठाता है।

इस कदम ने राज्य और अन्य स्थानों पर सार्वजनिक बहस छेड़ दी कि क्या इससे हमारे समाज में जातिगत मान्यता कमजोर होगी। क्या यह भारत में जाति व्यवस्था को कमजोर करने में योगदान देगा? जाति और धार्मिक स्टिकरस्टिकर की वैधता का आकलन मोटर वाहन अधिनियम और मोटर वाहन नियमों के आधार पर किया जाता है। उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों ने वाहनों पर, यहां तक कि वाहन की बॉडी पर भी जाति और धर्म को सूचित करने वाले स्टिकर चिपकाने के खिलाफ आदेश जारी किए हैं। पंजीकरण नंबर प्लेट मोटर वाहन नियम पंजीकरण नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाने से सख्ती से मना करते हैं। चुनौतीपूर्ण स्टिकर और कानून प्रवर्तन वाहनों पर ऐसे स्टिकर लगाने पर जुर्माना 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि पंजीकरण नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाने पर यह बढ़कर 5,000 रुपये हो जाता है। हमने देखा है कि हमारे समाज में पश्चिम के सभी आधुनिक प्रभावों, बढ़ते शहरीकरण, गहरे होते लोकतंत्र और बढ़ते वैश्वीकरण के बावजूद, भारत में जाति व्यवस्था की नींव पर्याप्त रूप से कमजोर नहीं हुई है। चुनावी लोकतांत्रिक राजनीति ने एक ऐसा माहौल तैयार किया जिसमें जाति व्यवस्था को लगातार ऑक्सीजन मिलती रही और हर चुनाव में एक नया जीवन मिलता रहा। मुझे लगता है कि यह सरकार का सराहनीय फैसला है, क्या इससे भारत में गहरी जड़ें जमा चुकी जाति व्यवस्था को कमजोर करने में कोई खास योगदान मिलने वाला है। यह निश्चित रूप से सार्वजनिक स्थान पर जातिगत पहचान के आक्रामक दावे पर रोक लगाने जा रहा है। वास्तव में, यह प्रवृत्ति पहली बार पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में देखी गई थी, जहां नव-अमीर, स्थानीय रूप से प्रभावशाली समूहों ने दावे के रूप में वाहनों की विंडस्क्रीन और नंबर प्लेटों पर अपनी जाति के नाम दिखाना शुरू कर दिया था। प्रतिक्रिया स्वरूप, इन क्षेत्रों में दलितों के नव-धनाढ्य वर्गों ने भी वाहनों पर अपनी जाति के नाम प्रदर्शित करना शुरू कर दिया। इससे इन क्षेत्रों में सीमित अर्थों में सामाजिक तनाव पैदा हो गया। सामाजिक रूप से कहें तो, यह अपनी जातिगत पहचान के साथ संपन्नता या नव अर्जित धन का प्रदर्शन है। अगर कोई इस तरह के कृत्यों का गहराई से अध्ययन करता है तो पता चलता है कि यह एक तरह से नव-अमीर सामाजिक वर्गों द्वारा अपनी सफलता का जश्न मनाने और इन सफलताओं के लिए अपनी जातियों को श्रेय देने का प्रयास है। जातिगत पहचान को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति दूसरों के बीच ईर्ष्या और कड़वी प्रतिक्रिया पैदा कर सकती है और हमारे समाज में बढ़ते जातिगत तनाव को प्रतिबिंबित कर सकती है। हमने देखा है कि पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जातिगत पहचान के इस प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन के कारण विभिन्न स्थानों पर छोटे-मोटे झगड़े, सामाजिक तनाव और हिंसा होती रहती है। धीरे-धीरे यह चलन उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिल रहा है। अन्य हिन्दी राज्यों में भी इस प्रवृत्ति का संक्रामक प्रसार देखा जा सकता है।वाहनों पर जाति और धार्मिक स्टिकर की कानूनी जांच व्यक्तिगत अभिव्यक्तियों, सांस्कृतिक प्रथाओं और कानूनी नियमों के बीच तनाव को रेखांकित करती है। जैसे-जैसे कानूनी ढाँचा विकसित हो रहा है और समाज अपनी जटिल गतिशीलता को पार कर रहा है, व्यक्तिगत अधिकारों और सामाजिक सद्भाव के बीच संतुलन बनाना एक सतत चुनौती बनी हुई है।

## सेहत | बच्चों के लिए ही नहीं महिलाओं के लिए भी बहुत जरूरी है दूध

दूध पोषक तत्वों का भंडार है. इसके पीने से सेहत को कई तरह से लाभ मिलते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि दूध बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि महिलाओं के लिए भी फायदेमंद है. हर उम्र के लोगों को हर दिन दूध पीना चाहिए. हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, एक कप दूध से शरीर को 2 प्रतिशत हेल्दी फैट, 122 कैलोरी, 8 ग्राम प्रोटीन, 3 ग्राम सैचुरेटेड फैट, 12 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 12 ग्राम नेचुरल शुगर मिल सकता है. इसमें विटामिन बी12 की रोजाना की जरूरतों का 50 प्रतिशत, कैल्शियम जरूरतों का 25त्न और पोटैशियम और विटामिन डी की दैनिक जरूरतों का 15त्न होता है. आइए जानते हैं दूध शरीर के लिए कितना फायदेमंद है...



दूध में कैल्शियम और विटामिन डी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं. दोनों ही पोषक तत्व हड्डियों की सेहत के लिए बेहद जरूरी हैं. कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाता है और विटामिन डी शरीर में पहुंचने वाले फूड्स से कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है. दूध पीने से हड्डियां स्वस्थ और मजबूत होती हैं. दूध पीना वेट लॉस में भी मदद कर सकता है. दूध में पाए जाने वाले कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा के बैलेंस्ड संयोजन से इसका वजन कम करने पर कोई असर नहीं पड़ता है. प्रोटीन और वसा से दूध वजन घटाने में मदद कर सकता है. कार्बूस शरीर को एनर्जी देते हैं और शरीर को एक्टिव रखने का काम करता है. दूध पीने से भूख भी कम होती है और पेट भरा-भरा सा लगता है. इसलिए वजन कम करने की चाहत रखने वालों को हर दिन एक गिलास लो फैट दूध पीने की सलाह दी जाती है. दूध पीने से टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क भी कम हो सकता है. करीब 6 लाख लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि डेयरी प्रोडक्ट्स से डायबिटीज का जोखिम कम हो रहा है. मतलब अगर डेयरी प्रोडक्ट्स का ज्यादा इस्तेमाल हो तो डायबिटीज का खतरा बेहद कम रहता है. मलाई रहित या लो फैट दूध हेल्दी फैट का सोर्स हो सकता है. दूध में पाया जाने वाला पोटैशियम स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करने का काम करता है. ज्यादा फैट वाले दूध सैचुरेटेड होने के चलते स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकते हैं. इसलिए हार्ट के मरीजों को लो फैट दूध का सेवन करना चाहिए.

दूध मानसिक सेहत के लिए बेहतर माना जाता है. कई रिसर्च में बताया गया है कि दूध का सेवन अल्जाइमर के जोखिम को कम करता है. स्किम्ड डेयरी, फर्मेंट डेयरी और छाछ दिमाग की सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है. इसलिए ब्रेकफास्ट में ओट्स के साथ थोड़ा सा दूध लेना फायदेमंद हो सकता है. दूध में पाए जाने वाले कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन बी12 युवाओं और बुजुर्गों की सेहत के लिए अच्छा माना जाता है.

# चूंकि मामला राजद्रोह का है

**विमर्श**

**डॉ. विजय राय**

राजद्रोह (प्रस्तावित देशद्रोह) कानून सर्वोच्च न्यायालय के एक ठोस कदम से एक बार फिर विचार का मुद्दा बन गया है। इसलिए कि इस मामले को संविधान पीठ को सौंपने का निर्णय किया गया है।

12 सितम्बर को न्यायालय ने ऐसा करने से पहले नए विधेयक, जो लोक सभा में पेश होकर संसदीय समिति के समक्ष विचाराधीन है, के कानून बनने तक प्रतीक्षा की केंद्र की सलाह यह कहते हुए ठुकरा दी कि अगर कानून बन भी गया तो इसके आधार पर राजद्रोह के पुराने मामले की समीक्षा नहीं की जा सकती। केदारनाथ सिंह बनाम बिहार सरकार (1962) मामले में पांच सदस्यीय संविधान पीठ का फैसला केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वाले अनुच्छेद 19(1)(ए) के नजरिए से दिया गया था, उसमें अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का ध्यान नहीं रखा था जबकि यह जरूरी था। केदारनाथ सिंह वाले फैसले में तब संविधान पीठ ने कहा था कि हर नागरिक को सरकार की नीतियों या कामकाज पर टिप्पणी या आलोचना करने का हक है, लेकिन इसका एक दायरा है और इसमें उसकी आलोचना या टिप्पणी राजद्रोह नहीं है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा वक्तव्य देता है या लिखता है, जिससे हिंसा भड़क उठने और विधि व्यवस्था बिगाडने का खतरा हो, तो फिर उसका यह काम राजद्रोह के दायरे में आएगा। तब से राजद्रोह के मामले पर विचार का यह निर्णायक बिंदु बना हुआ है। अगर राजद्रोह के अभियोग में निरुद्ध किए गए कुछ मामलों को देखें तो सर्वोच्च न्यायालय की चिंता जायज लगती है। हाल के वर्षो में, जिस तरह से पत्रकारों, कार्यकर्ताओं, छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रमुख बुद्धिजीवियों और यहां तक कि एक लोक संगीतकार के खिलाफ 124 ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई, उससे राजद्रोह कानून सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में आ गया है। जैसा कि अम्बेडकर युनिर्वसटिी की प्रो.अनुष्का सिंह लिखती हैं-2011 और 2016 के बीच तमिलनाडु के कुडनकुलम में परमाणु विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ राजद्रोह के बड़े पैमाने पर मामले, 2015 और 2016 में हरियाणा में जाटों, गुजरात में पाटीदारों जैसे आरक्षण समर्थक आंदोलनकारियों के खिलाफ, 2019 में खूंटी (झारखंड) में पत्थलगड़ी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ, 2020 और 2021 में दिल्ली, असम और भारत के अन्य हिस्सों में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले ऐसे उदाहरण हैं, जो कानून के उपयोग के जरिए पुलिस द्वारा किए गए सियासी काम को दर्शाते हैं।' राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी इसमें तेजी से वृद्धि को रेखांकित करते हैं। इसके मुताबिक राजद्रोह कानून के तहत 2021 में 86 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। वहीं, 2019 में 93 मामले दर्ज किए गए थे, यह 2016 में दर्ज 33 मामलों से 165 फीसद अधिक है। इसके अलावा, इस अभियोग में सजा की दर 2016 में जहां 33.3 फीसद थी, जो 2019 में घटकर 3.3 फीसद रह गई थी।

ऊपर जो मैंने मामले गिनाए हैं, उनके कालखंड समवेत रूप से कांग्रेस या उसकी अगुवाई में बनी सरकार और भारतीय जनता पार्टी या उसके नेतृत्व का है। मतलब यह कि सरकार किसी की भी रही हो पर राजद्रोह के बहुधा मामलों में उसका रवैया सत्तावादी ही रहा है- को बड़ छोट कहत अपराधू'। इसलिए वे दोनों ही इस मामले में एक दूसरे को उपदेश नहीं दे सकती हैं। बाकी अवसर के हिसाब से एक दूसरे पर लानत-मलामत भले कर लें। सर्वोच्च न्यायालय में 2021 में दायर 10 याचिकाओं में राजद्रोह के अभियोगों को विभिन्न धाराओं के तहत कड़ी चुनौती देने के साथ लोकतांत्रिक देश भारत में इसके क्रियान्वयन और प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने मई, 2022 में सरकार से पूछा था कि राजद्रोह कानून को अभी तक खत्म क्यों नहीं किया गया? क्या देश की आजादी के 75 साल बाद भी इसे बनाए रखना जरूरी है? अदालत ने 11 मई, 2022 को अपने अंतरिम आदेश में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि इस पर अंतिम रूप से विचार होने तक 124ए के तहत कोई नया मामला दर्ज न किया जाए और न इसमें कोई आगे किसी भी तरह की कार्रवाई हो। 1837 में मैकाले के बनाए गए इंडियन पीनल कोड के 126ए को महात्मा गांधी ने नागरिकों की स्वतंत्रता को दबाने के लिए राजनीति प्रयोजन साधने के निमित्त बनाई गई धाराओं का राजकुमार' कहा था, के शिकार होने वाले नेताओं में बाल गंगाधर तिलक के बाद गांधी दूसरे नेता थे। इन दोनों पर ही क्रमशः केसरी' और यंग इंडिया' में लिखे लेखों के चलते ब्रिटिश सत्ता से द्रोह का अभियोग लगा था। पहला मामला बंगोबासी' के मालिक, संपादक, प्रबंधक और प्रिंटर के खिलाफ 1891 में ब्रिटिश सरकार के एज ऑफ कंसेंट एक्ट की आलोचना करने वाले लेख को प्रकाशित करने पर लगाया गया था।

## एक नजर

### कौशल्या माता को नम आंखों से दी विदाई

**रायपुर ,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)** कौशल्या माता संग तीजा तिहार इस कार्यक्रम के अंतर्गत अयोध्या से पवित्र मिट्टी लाकर कौशल्या माता की प्रतिमा बनाकर चंदखुरी की



पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर स्थापित किया गया था। तीजा के चार दिवसीय उत्सव के पश्चात आज कौशल्या माता को सुबह बासी और फलहार खिलाने के बाद शाम को चंदखुरी गांव के लोगों ने जस गीत, राउत नाचा के साथ पूरे गांव को घुमाने के बाद नम आंखों से विदाई दी गई.तथा अगले साल फिर आने की प्रार्थना किया गया .कार्यक्रम की परिकल्पना संयोजक चित्रोत्पला लोककला परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले कलाकार सर्वश्री डा.पुरुषोत्तम चंद्राकर, नरेंद्र यादव ,पीलू राम साहू, प्रभा यादव ,हेमलाल पटेल ,मनीष लदेर, मोहन साहू ,संत फरिकार, नीतीश यादव ,अर्जुन दास मानिकपुरी उमेश साहू, सुरेश ठाकुर ,सविता तिवारी,तनु यादव,नितेश यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया गया.

### आकांक्षी ब्लॉक फैलो पद के लिए 29 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**जगदलपुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा मिशन संचालक, नीति आयोग के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला बस्तर के विकासखण्ड तोकापाल में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन वित्तीय समावेश और बुनयादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने के लिये आकांक्षी ब्लॉक फैलो का 01 पद नियुक्ति किया जाना है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी इच्छुक, उम्मीदवारों से 29 सितम्बर 2023 तक शाम 05.30 बजे तक शैक्षणिक योग्यता अनुसार दिये गये संलग्न निर्धारित प्रारूप में जिला के विभागीय वेबसाईट www.bastar.gov.in पर ऑनलाईन लिंक में आवेदन - अवलोकन कर सकते हैं एवं कार्यालयीन समय में जिला पंचायत बस्तर में भी आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदन पत्र कोई विचार नहीं किया जायेगा । अधिक जानकारी के लिए विकास सहायक श्रीमती शेफाली यादव के मोबाईल नं. 8529639008 एवं पीपीओ फैलो परिधि सिंह, 9140674280 से सम्पर्क कर सकते हैं

### जल जीवन मिशन अंतर्गत सोलर पंप एवं पाइप लाइन विस्तार का अनुमोदन

**उत्तर बस्तर कांकेर ,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम योजना एवं सोलर आधारित योजना के 134 ग्रामों में 13 हजार 619 घरेलू नल कनेक्शन दिये जाने तथा 217 सोलर पंप स्थापना और पाइप लाईन विस्तार के लिए 8669.52 लाख रुपये तथा जल गुणवत्ता की निगरानी एवं सपोर्ट मद के अंतर्गत 561.67 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत 374 ग्रामो के लिए निविदा स्वीकृति का भी अनुमोदन किया गया। जिले के गुणवत्ता प्रभावित 45 ग्रामों में रेजिंग बेस्ड फ्लोराइड रिमूवल प्लांट के लिए 5375.65 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य अप्रारंभ नहीं रहना चाहिए। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण करने के लिए उनके द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एस.एन पांडेय एवं कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और क्रिया के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता मौजूद थे।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में की बैंक प्रकरणों की समीक्षा

**उत्तर बस्तर कांकेर ,20 सितंबमेंर (तरुण छत्तीसगढ़)**शासकीय योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें इस वित्तीय वर्ष के लिए प्राप्त लक्ष्य, संबंधित एजेंसियों द्वारा बैंकों को प्रेषित प्रकरण और उनमें स्वीकृति तथा हितग्राहियों को वितरण की विस्तृत समीक्षा किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत की विस्तृत समीक्षा किया गया तथा लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करने के लिए बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल तथा सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# सड़कों का निर्माण कार्य 1 अक्टूबर से अनिवार्यतः शुरू करने के निर्देश



**उत्तर बस्तर कांकेर 20 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा जिले में स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य 01 अक्टूबर से अनिवार्यतः प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खराब सड़कों की मरम्मत तथा नये सड़कों का निर्माण के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया तथा सड़कों के निर्माण व मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिये। अति जर्जर सड़कों को तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर एवं एसपी द्वारा जिले में स्वीकृत नवीन सड़कों तथा मरम्मत कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा किया गया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र कश्यप ने कांकेर दुधावा मार्ग के मजबूतीकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्ग के 01 से 09 किलोमीटर तक मजबूतीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इसके निर्माण के लिए एजेंसी भी निर्धारित कर दिया गया है, इसे दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया। बनोली सरहद से तारान्दुल हायर सेकेण्डरी स्कूल तक 03 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई, इसे भी दिसम्बर माह तक पूर्ण किया जायेगा। भानुप्रतापपुर संभाग के अंतर्गत कोरर से संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण की भी समीक्षा किया गया वर्तमान में डब्ल्यू.एम.एम से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, इसे भी समस सीमा में पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया। भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मार्ग के मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई, यह कार्य सीआरएफ योजना अंतर्गत अनुबंधित है तथा कार्य प्रगति पर है। भानुप्रतापपुर से कच्चे मार्ग का निर्माण कार्य भी प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। अंतागढ़ से आमाबेड़ा मार्ग में पुलियों का निर्माण प्रगतिरत होना बताया गया। कापसी से परलकोट डेम मार्ग और पीव्ही-34 से पीव्ही-01 मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम पेंच मरम्मत कार्य पूर्ण होने तथा अक्टूबर माह से बी.टी पेंच रिपेयर का कार्य किया जाने की जानकारी दिया गया। मासुलपानी-जामगांव से घोटियावाही चौक तक 15.80 किलोमीटर में उन्नयन कार्य के लिए 07 करोड़ 08 लाख 99 हजार रूपये स्वीकृत होने एवं उक्त मार्ग में 5.60 किलोमीटर में डामरीकरण कार्य पूर्ण होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जायेगा। कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के किलोमीटर 01 से 7/4 तक पेच मरम्मत कार्य को भी जल्दी पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। माकड़ी-अलबेलापारा मार्ग में आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एसडीएम कांकेर द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों के नवीनकरण कार्य की भी कलेक्टर, एसपी द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सिंगारभाट से ब्यासकोंगेरा मार्ग, पीढ़ापाल-मर्रापी-धनतुलसी मार्ग, अलबेलापारा-सिदेसर मार्ग, धनोरा से डब्बीपानी मार्ग, पिपरौद से बोदेली मार्ग तथा आमाबेड़ा से चंगोड़ी मार्ग का नवीनीकरण की स्वीकृत दी गई है, जिसे 01 अक्टूबर से शुरू करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये हैं। आमाबेड़ा से उसेली मार्ग में पुलिया एवं रिटेनिंग वॉल कार्य, जेठेगांव से नवागाव मार्ग में रिटेनिंग वॉल कार्य, नेलसोड में रिटेनिंग वॉल कार्य, मण्डागांव (खासपारा) से पटेलपारा में रिटेनिंग वॉल कार्य के लिए लेआउट दिया गया है, जिसे गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। चिखली से नाहगीदा मार्ग, विश्रामपुर पीव्ही-119 से कमलपुर, विश्रामपुर से आलोर, लखनपुर से अनुपपुर, रामकृष्णपुर पीव्ही-32 से 126, जनकपुर से कृष्णानगर, पनावर से दुर्गानगर, बांदे कोरनार रोड़ से कृष्णानगर पीव्ही-102, फुरफुंदी लक्ष्मीपुर सड़क का डामरीकरण कार्य समय सीमा में पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त सभी सड़कों का निर्माण कार्य 01 अक्टूबर से शुरू करने के लिए भी निर्देश दिये गये हैं। बैठक में सहायक कलेक्टर प्रखर चन्द्राकर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग झा सहित लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपलान अभियंता एवं सभी अनुविभागी अधिकारी मौजूद थे।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**बीजापुर,20 सितंबर20 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में सैकड़ो सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा और रात्रि में फुलहरा बांधकर जागरण किया। रातभर महिलाओं ने रातभर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया और भगवान शिव और माँ पार्वती की पूजा अर्चना की। पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को तीजा का निर्जला व्रत रखते हुए भगवान से सुख समृद्धि के लिए कामना की। महिलाओं में पंकजा आचार्य,सरिता जोशी और धात्री जोशी ने बताया की मान्यताओं के अनुसार महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखकर भगवान की पूजा अर्चना करने से पति पर कोई संकट नहीं आता और जो भी संकट आने वाले होते हैं उन संकटों का भी नाश हो जाता है। घरों में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के पकवान भी बनाएं। महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना और रात्रि जागरण कर भगवान का भजन कीर्तन किया। मंगलवार को महिलाओं ने सुबह-सुबह स्नान कर व्रत तोड़ा। पूजन के दौरान जो फूल - पत्ते भगवान पर अर्पण किये थे उनका भी विसर्जन नदी और तालाबों में किया गया। तीज पर्व को लेकर के सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

## स्वर्गीय डा.रज्जाक मेमन को पुण्यतिथि पर लोगों ने याद किया

**गरियाबंद20 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



नगर आज जिन अभावो को झेल रहा है उसकी पूर्ति डॉक्टर रज्जाक मेमन ही कर सकते थे आज उनकी कमी नगर वासियों के खटकती है, नगर वासी डॉक्टर रज्जाक मेमन की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर नगर के तिरंगा चौक पर डा. रज्जाक मेमन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें लोगों ने उन्हें याद किया इस अवसर पर लोगों ने कहा की डॉक्टर रज्जाक मेमन ऐसे शख्स थे जिन्हे कभी भुलाया नहीं जा सकता वे गरीबों के मसीहा थे लोगों का फ्री में इलाज करते थे विपरीत समय में घर पहुंचने के बाद भी पैसा नहीं लेते थे,उनकी लोकप्रियता की सबसे बड़ी पहचान यह है कि उनके देहांत के अवसर पर सारा नगर उमड पड़ा था, नगर के साथ आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी उनके निवास स्थान से कब्रिस्तान तक फूलों की वर्षा करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। इस संबंध में स्वर्गीय बलदेव प्रसाद पांडे के सुपुत्र युगल पांडे ने अपनी स्मृतियों ताजा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिन्दगी मे किसी के स्वर्गवासी होने पर इतने लोगों की भीड़ नहीं देखी और मुझे ऐसा लगता है कि आगे भी इतनी भीड़ कभी नजर नहीं आएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गरियाबंद बार काउंसिल के अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने कहा की डॉक्टर मेमन बिरले पुरुष थे उनकी यादों को भुलाया नहीं जा सकता यह नगर सदैव उनका ऋणी रहेगा ।उन्होंने लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ा है वह कभी हटाया नहीं जा सकता इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता साबिर वकील ने कहा कि डॉक्टर मेमन एक खास शख्स थे उनके दिल में सभी के लिए प्यार और स्नेह बराबर था और वे छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कार्यक्रमों में पहुंचकर अपनी उपस्थिति जरूर देते थे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार वर्मा ने कहा डॉक्टर मेमन गरियाबंद वासियो के दिलों में बसे हैं उन्हें बुलाया नहीं जा सकता ईश्वर उन्हें स्वर्ग( जन्नत )में सर्वोत्तम स्थान प्रदान करें। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मूर्तीजा खान साबिर, वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार वर्मा, बर काउंसिल के अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन नगर के वरिष्ठ व्यवसाय रामचंद्र मखीजा वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा वरिष्ठ नागरिक युगल किशोर पांडे, रमेश मेश्राम व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरीश भाई ठक्कर, छगन यादव ,पूर्व पार्षद योगेश बघेल ,डिलेश्वर देवाँगन ,सोनू जगत ,जुनेद खान आदि अनेक लोगों उपस्थित थे

# नगर में छोटे-बड़े पंडालो के साथ घर-घर की गई भगवान गणेश मूर्ति की स्थापना

**फरसगांव,20सितंबर20 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गणेश चतुर्थी में नगर फरसगांव के मुख्य चौक-चौराहों के साथ नगर हर गली मुहल्ले में गणपति बप्पा छोटे-बड़े आकार में विराजमान हुए । इस वर्ष दो दिन शुभ महूर्त होने के चलते लोगो ने 18 और 19 सितंबर को भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की । गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर गली-गली में लोगों के मन में भारी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है, साथ ही नगर भक्तिमय होता जा रहा है सुबह से ही लोग पुजा अर्चना में व्यास्त हैं। इसी तरह नगर में जगह जगह छोटे बड़े पंडालों ,घरों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की गई । नगर में तीन स्थानों में गणेश भगवान बड़े आकार में स्थापित किये गए है । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के गांधी चौक, जनपद स्कूल मैदान और बाजपाई कॉलोनी में गणेशोत्सव समितियो ने बड़े आकार की भगवान गणेश की मूर्ति का स्थापना किया गया । जनपद स्कूल मैदान में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के अनुसार यह इनका बारहवा वर्ष है, इनका द्वारा द्वारा हर वर्ष भी भव्य रूप से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की गया । समिति के लोगो ने भगवान गणेश की मूर्ति का स्वागत नगर के सीटीओ चौक से लेकर पेट्रोल पंप चौक तक डीजे की धुन में नाचते गाते हुए नगर के मुख्य चौक चौराहो से घुमाते हुए जयकारे के साथ भगवान गणेश जी का स्वागत कर अस्साल चौक के जनपद स्कूल मैदान में बने पंडाल में स्थापना की गई । साथ ही इसी तरह राँधना रोड पर लालबाग का राजा गणेशोत्सव समिति के द्वारा राजपूत कॉलोनी में भी गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है । फरसगांव थाना में पुलिस स्टाफ में द्वारा , सीटीओ कॉलोनी में कॉलोनीवासियों के द्वारा के साथ नगर के कई घरों में भगवान गणेश की मूर्ती छोटे बड़े आकारों में स्थापना कि गई है । गणेशोत्सव समिति के लोगो ने बताया की 11 दिनों तक प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जैसे रामायण, डांस ऑडिशन, डांस कम्पिटिशन, छत्तीसगढ़ी नाच , ओर्केस्ट्रा , बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता के साथ साथ अन्य अनेक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा ।



## युवाओं के चहेते सलमान नवाब बने प्रदेश प्रवक्ता, जिले में खुशी की लहर

**गीदम,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बदलाव शुरू हो गया है । सांसद दीपक बैज ने राज्य इकाई के अध्यक्ष बनने के बाद मीडिया विभाग में बड़ा फेरबदल किया है । उन्होंने 21 युवा प्रवक्ताओं की एक नई लिस्ट जारी की है जिसमें दंतेवाड़ा जिले के सलमान नवाब राहुल कर , आशीष चौबे जैसे पार्टी नेताओं को प्रवक्ता के तौर पर नामित किया है । इनके अलावा भी इस टीम का हिस्सा बहुत से युवा नेता हैं । दंतेवाड़ा के युवा नेता सलमान नवाब को प्रवक्ता बनाया गया है जिससे जिले के युवाओं ने खुशी ज़ाहिर कर बधाई दी । वहीं सलमान नवाब ने भी देश के युवा सम्राट युवा नेता राहुल गांधी, प्रदेश



अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक देवती कर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी डा पलक वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हारीतवाल, छबिंद कर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रभारी आर्यन शर्मा, विमल सलाम समेत दंतेवाड़ा जिले के समस्त युवाओं का धन्यवाद करते हुए कहा लगातार तीसरी बार प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया मैं अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से और पार्टी के प्रति लगाव के साथ काम कर निभाऊंगा। आपको बता दें कि सलमान नवाब अपने पढ़ाई के दौरान एनएसयूआई से नेता बने और अपने क्षेत्र में नेताओं की श्रेणी में अपना स्थान अंकित किया। वैसे तो सलमान नवाब एनएसयूआई के बाद कांग्रेस पार्टी के ज़िला मीडिया प्रभारी बने फिर ज़िला संयोजक सोशल मीडिया के दायित्व को निभाया जिसके बाद पार्टी ने कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुनकर उनका कद और बड़ा दिया , उनका पार्टी के प्रति समर्पित और निष्ठा को देखते प्रदेश संयोजक मीडिया विभाग सौंपा गया लगातार पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते एक दशक बीता और पार्टी नई जिम्मेदारी युवा प्रदेश प्रवक्ता का ज़िम्मा सौंपा हैं।

### छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान की प्रतीक हैं छत्तीसगढ़ महतारी:मुख्यमंत्री

**बीजापुर ,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रतिमा अनावरण के उपरांत कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है ताकि लोगों में



अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत की जा सके। अपने तीज-त्यौहार, लोक परम्पराओं को जानने-समझने का भावी पीढ़ी को पर्याप्त अवसर मिले, यही हमारा प्रयास है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली, छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। बोरे-बासी को आज पूरा देश जानने लगा है। आदिवासी नृत्य महोत्सव, देवगुड़ी का कायाकल्प, आदिवासी परब सम्मान निधि जैसी पहल के माध्यम से जनजातीय संस्कृति को सम्मान दिलाने का काम किया गया है। इस अवसर पर उद्योग ,वाणिज्य कर एवं आबकारी मंत्री तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा,विधायक श्री विक्रम मंडावी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण,उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईटपाल स्थित बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का किया लोकार्पण

**बीजापुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ईटपाल स्थित बीजापुर गवर्नमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने गारमेंट फैक्ट्री में चल रहे कपड़ा निर्माण के कार्यों का निरीक्षण भी किया और यहां कार्यरत महिलाओं से बात की। श्री बघेल ने फैक्ट्री से हरी झंडी दिखाकर बाजार के लिए तैयार उत्पादों की पहली खेप को रवाना किया।बीजापुर जिले में निवासरत ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि एवं वन आधारित है। तथा जिले में उद्योग नहीं होने के कारण ग्रामीण अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन को देखते हुए जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा स्थिर आजीविका एवं महिला सशक्तिरण के लिए व्यवसायिक मॉडल के रूप में गारमेंट




फैक्ट्री की स्थापना की गई। जो जिला प्रशासन द्वारा कम से कम लागत में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करने व्यवसायिक मॉडल का एक उदाहरण है। जिसमें गारमेंट आधारित उद्योग ही कम समय कम लागत में स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को रोजगार दिया जा सकता है। गारमेंट फैक्ट्री की स्थापना के लिए देश के बड़े गारमेंट ब्रांड मिंत्रा, मैक्स, डिक्सी इत्यादि कंपनियों से चर्चा की गई है। जिसमें डिक्सी एवं मिंत्रा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा जिले का भ्रमण किया गया और फैक्ट्री स्थापना की सहमति बनी। इस प्रकार गारमेंट फैक्ट्री को 6 करोड़ 90 लाख 27 हजार रुपए की लागत से बनाया गया है। गारमेंट फैक्ट्री में काम करने के लिए 800 महिलाओं की काउंसलिंग कर 200 हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रारंभ दिया गया।जून 2023 में डिक्सी कंपनी के साथ 05 वर्षों का अनुबंध कर 70 महिलाओं के साथ जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में बनियान प्रॉडक्शन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

### कमिश्नर लेंगे 27 सितम्बर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

**जगदलपुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)** बस्तर संभाग आयुक्त श्री श्याम धावड़े की अध्यक्षता में 27 सितम्बर को सुबह 11 बजे से आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध विभाग, पंजीयक, सहकारी बैंक, खाद्य और जिला विपणन विभाग कर विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित लिया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं

- मुलभूत सुविधाओं को लेकर किसी भी पार्टी के नेता ने नहीं किया आंदोलन
- सड़कों का हाल बेहाल, जगह - जगह गड्ढे, टप्पर भी नसीब नहीं
- आखिर जनता क्यों और किसे दे अपना वोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 20 सितंबर।** विधानसभा चुनाव जैसे ही नजदीक आ रहें हैं लोगो की विचार भी खुलकर सामने आने लगे हैं विधानसभा चुनाव को लेकर आम जनता से सीधे संवाद किया गया तो लोगों ने कहा आखिर हम कांग्रेस भाजपा को क्यों वोट करें बात भाजपा की है तो उन्होंने कभी धान पर बोनस नहीं दिया धान पर बोनस देने की बात कर अपने वादों से मुकर गए तो इनके शासनकाल में बेरोजगारों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है पात्र लोगों को नजरअंदाज कर फर्जी तरीके से अपने करीबी लोगों को शिक्षा कर्मी की नौकरी दिया गया जो अभी भी नौकरी कर रहे हैं वहीं अच्छे दिनों की सपना दिखाने वाले भाजपा के केंद्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 450 रूपए में मिलने वाली रसोई गैस को बारह सौ रुपए में दे रहे हैं। सामने चुनाव को देखते हुए दो सौ रुपए कम करना अपनी साख बचाने की कोशिश है हम किस लिए वोट दे और क्यों दे कांग्रेस पार्टी को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली है लोगों का कहना है राजिम विधानसभा से चुनाव जीतने के बाद मूलभूत सुविधा को लेकर कभी भी ध्यान नहीं रखा लोग छोटे बड़े समस्या को लेकर केवल दफ्तर का चक्कर लगाते रहते हैं राजिम की जनता को विधायक अपना परिवार बताते हैं पर परिवार के लोगों का सुध लेने वाला कोई नहीं है चाहे अघोषित बिजली कटौती को लेकर हो या फिर बंदोबस्त की त्रुटि सुधार हो या पेंशन को लेकर हो। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ढंग से हास्पिटल भी नसीब नहीं है। नसबंदी कराने भी महासमुंद, अभनपुर, रायपुर, गरियाबंद पर निर्भर रहना पड़ता हैं शिक्षा को लेकर कोई नया पाठ्यक्रम नहीं होने से छोटे वर्ग के छात्रों के आगे की पढ़ाई करने में मुश्किल हो रही है नतीजा कई छात्र-छात्राएं पढ़ नहीं पा रहे हैं। यहां साधारण कोर्स के अलावा और कोई व्यवसायिक पाठ्यक्रम नहीं है। बीएड़ कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज इत्यादि की सुविधा नहीं होने के कारण यहां के छात्र दूसरे जिला में पलायन करते हैं जिससे उन्हें बड़ी रकम चुकानी पड़ रही है। कुल मिलाकर या तो बेरोजगार जिंदगी जीने की मजबूरी है नहीं तो फिर सेठ साहूकारों से लोन लेकर ऋण के तले दबता जा रहे हैं।

सड़कों का हाल बेहाल, जगह जगह गढ्ढे टप्पर भी नसीब नहीं

राजिम से छुरा मार्ग हो या फिर राजिम से महासमुंद मुख्य सड़क पर अपने जान जोखिम में डालकर राहगीर चल रहे हैं इस सड़क पर चलने से पहले लोगों को दस बार सोचना पड़ता है कहीं अनहोनी न हो जाए रोड़ गढ्डों से पट गया है ओवरटेक करने या सामने से अचानक मोटरसाइकिल या बड़ी वाहन आ जाए तो साईड देने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आए दिन दुर्घटना हो रहे हैं पर खराब सड़कों को लेकर आज तक कोई भी पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधियों को आवाज उठाते नहीं देखा है। हां यह बात जरूर है कि चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें करते रहते हैं अपने आपको जनता हितैषी बताने से नहीं थकते आज तक आम जनता की मूलभूत सुविधाएं को लेकर कभी आंदोलन नहीं किया जबकि यहां से पिछले चुनावों में स्थानीय विधायक से लेकर सांसद तक चुनें गये हैं।

# डेंगू की रोकथाम को लेकर शहर में टेमिफॉस स्प्रे और फॉगिंग जारी

- मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुरु किया डोर टू डोर जन जागरूकता एवं डेंगू सर्वे अभियान
- लोगों से सतर्कता बरतने की जा रही अपील, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने विभागों को मिशन मोड में कार्य करने के दिए हैं निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 20 सितम्बर।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर शहर में डेंगू के मामलों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा वार्डो में सोर्स रिडक्शन के लिए टेमिफॉस दवा का स्प्रे और फॉगिंग के साथ डोर टू डोर अभियान शुरू कर दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जन जागरूकता एवं डेंगू सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया हैं।

नगर पालिक निगम रायगढ़ के डेंगू प्रभावित वार्डों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन लोगों के घरों तक पहुंच कर स्वयं के बचाव के संबंध में जानकारी देने के साथ ही सर्वे कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही पानी जमा वाले स्थानों, डेंगू के मच्छरों के पनपने के स्थानों की निरीक्षण व जल निकासी का कार्य करते हुए पाम्पलेट प्रदान कर लोगों जागरूक कर रहे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश पर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रुप से शहर के सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही कर रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई किए गए स्थानों में ब्लीचिंग पाउडर डाले एवं इलाकों में फॉगिंग मशीन भी चलाई जा रही हैं। जिससे शहर में डेंगू को नियंत्रित किया जा सकें।

स्वास्थ्य विभाग एडवायजरी जारी कर निर्देशों के पालन करने की कर रही अपील

डेंगू के बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी की हैं। जिसमें डेंगू से बचने के उपाय बताया गया हैं, जिसका पालन करने शहर वासियों को अपील की गई हैं। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे भी की जा रही हैं।

नगर निगम की टीम लगी सोर्स रिडक्शन में, वार्डों में टेमिफॉस स्प्रे के साथ की जा रही फॉगिंग

शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक लेकर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए थे। नगर निगम द्वारा वार्डों में डेंगू के लार्वा के सोर्स रिडक्शन को लेकर हॉट स्पॉट वाली जगहों में टेमिफॉस का स्प्रे करवाया जा रहा है। इसके साथ ही अत्यधिक प्रभावित वार्डों में फॉगिंग करवायी जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि डेंगू नियंत्रण को लेकर लगातार विशेष सोर्स रिडक्शन अभियान जारी रहेगा।

# 38 वें चक्रधर समारोह का आडिटोरियम में हुआ शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 20 सितम्बर।** 38 वें चक्रधर समारोह का आज नगर निगम ऑडिटोरियम में शुभारंभ हुआ। विधायक रायगढ़ श्री प्रकाश नायक व विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया ने दीप प्रज्जवलित कर 38 वें चक्रधर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक रायगढ़ श्री नायक ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह अपने 38 वें बरस में पहुंच गया है। लंबे अंतराल के बाद शहर का गौरव चक्रधर समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इससे कला बिरादरी में उत्साह है। इस आयोजन के माध्यम से कला के विविध रूपों से रूबरू होने का मौका दर्शकों को मिलेगा। उन्होंने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं दीं। विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि रायगढ़ सुर ताल की नगरी है और चक्रधर समारोह ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाई है। इसके आयोजन से कलाकारों की प्रतिभा से परिचित होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल व महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने भी संबोधित किया। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर कहा राजा चक्रधर सिंह स्वयं एक उम्दा कलाकार थे साथ ही कलाकारों के उदार संरक्षक थे। उन्होंने कुंवर भानुप्रताप सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस बार नवोदित प्रतिभाओं को अधिक से अधिक मौके देने का प्रयास किया है। जिससे उदीयमान कलाकारों को प्रोत्साहन मिले। रायगढ़ कला मर्मग्यों की नगरी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की पहल पर यहां रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसे राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली। रायगढ़ कलाकारों के साथ साहित्यकारों की नगरी है। शहर के ग्रन्थालय को हाई टेक सुविधाओं के साथ विकसित किया है। न केवल रायगढ़ बल्कि जिले के विकासखंड मुख्यालयों में ग्रन्थालय तैयार किए गए हैं। जिससे युवा पीढ़ी अपना भविष्य संवार सकें। इस अवसर पर कलागुरु श्री वेदमणि सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, राजपरिवार से उर्वशी देवी सिंह, श्री अनिल शुक्ला सहित शहर के गणमान्य नागरिक व कला प्रेमी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रहलाद चरित्र का वर्णन

- पांच विकार त्याग कर दूसरों के लिए बनें प्रेरणा-आचार्य श्याम नारायणाचार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव 20 सितंबर।** गर्ग एवं डाहौलिया परिवार द्वारा अग्रसेन भवन मे करायी जा रही भागवत ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रोताओ की संख्या काफी अधिक थी,दोपहर 3 बजे के पश्चात आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने ब्यासपीठ पर बैठकर भागवत के प्रवचन शुरू किये। डाहौलिया परिवार द्वारा इस आयोजन को बडे ही गरिमामयी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। द्वार पर डाहौलिया परिवार के सदस्य श्रोताओ की चरणपादुका अपने हाथो मे थामकर उसे व्यवस्थित स्थान पर रखते है,घर के सदस्यों का मानना है कि आगंतुक श्रोताओ की सेवा सबसे बडा पुण्य का काम है। आज तीसरे दिन की भागवत ज्ञान कथा मे आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने वराह अवतार,कपिल जी का प्रसंग,प्रहलाद चरित्र पर उपदेश दिये। खचाखच भरे पंडाल को संबोधित करते हुये आचार्य कहते है कि कलयुग में भागवत की भक्ति ही एकमात्र उपाय है,जो मनुष्य का दुर्लभ जीवन की यात्रा को मंजील तक पहुंचा सकती है। जीवन में जिस तरह सफलता के लिए जोश और होश की जरूरत रहती है उसी तरह भागवत श्रवण की प्रत्येक बुंद अमृत बन कर ज्ञान का संचार भरती हैं। उन्होने कहा कि कलियुग में भक्ति,भक्त,भगवान और भागवत ही वह सरल कड़ी है जो परमात्मा से मिलने की राह को सुगम बनाती है। आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने कहा कि सुन्दरता की शोभा शरीर से नहीं बल्कि उसके गुण से होती है,अगर आप किसी पर दया करेंगे तो आपको भी दया का सागर मिलेगा। उन्होने कहा कि भगवान की भक्ति के लिए कहीं पर जाने की जरूरत नहीं है,हम यदि अपने भीतर के पांच विकार छोड़ दे तो भगवान की प्राप्ति में दूसरों के भी मददगार बन सकते हैं। उन्होने कहा कि वास्तव में काम,क्रोध,लोभ, मोह और अभिमान जिसने छोड़ दिया वहीं कलियुग में सच्चा संत बन सकता है। भगवान की कथा को श्रवण करने के लिए एकाग्र मन का रखना बेहद जरूरी है। इन बातों को सुन कर अपने जीवन में उतारना भी आवश्यक है।

वराह अवतार का हुआ वर्णन-ःब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने आज भागवत ज्ञान सप्ताह के तीसरे दिन प्रहलाद चरित्र के साथ वराह अवतार का जिक्र किया। उन्होने बताया कि जब भगवान की भक्ति से व्यथित होकर दैत्य हिरण्याक्ष ने पृथ्वी को ले जाकर समुद्र में छिपा दिया तब ब्रह्मा की नाक से भगवान विष्णु वराह रूप में प्रकट हुए। उन्होने अपनी थूथनी की सहायता से पृथ्वी का पता लगा लिया और समुद्र के अंदर जाकर अपने दांतों पर रखकर वे पृथ्वी को बाहर ले आए। जब हिरण्याक्ष दैत्य ने यह देखा तो उसने भगवान विष्णु के वराह रूप को युद्ध के लिए ललकारा। दोनों में भीषण युद्ध हुआ। अंत में भगवान वराह ने हिरण्याक्ष का वध कर दिया।

प्रहलाद चरित्र पर डाला प्रकाश-ः आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने भक्त और भक्ति की कथा पर प्रकाश डालते हुये प्रहलाद के चरित्र को श्रोताओ के बीच रखा। उन्होने बताया कि भक्त की भक्ति से दानव दैत्य हमेंशा विचलित होते आये है,यही कारण है कि प्रहलाद की भक्ति से हिरण्याकश्यप दैत्य विचलित होकर उसका वध करने की मन मे ठानी,परंतु भगवान की भक्ति के आगे दैत्य की एक नही चली और भीषण अग्नि से प्रहलाद सकुशल बाहर आकर भगवान के प्रति अपने निष्ठा को पुनः साबित कर दिखाये।

## एक नजर

### पालिका कार्यालय में भी विराजित की गई गणपति की प्रतिमा

**महासमुंद 20 सितंबर।** गणेश चतुर्थी पर्व शहर सहित अंचल में जगह-जगह पर गणपति की प्रतिमा विराजित की गई। इसी क्रम में नगर पालिका कार्यालय में भी विधि विधान से गणेश की प्रतिमा विराजित की गई। दोपहर को गणेश की प्रतिमा को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग कार्यालय में लेकर आई। और देर शाम को कर्मियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रतिमा विराजित की। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि यह पहली बार है, जब पालिका कार्यालय गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती का पर्व भी पालिका के गैरेज में विधिवत पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से मनाया गया। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने गणेश चतुर्थी पर्व की बधाई देते हुए भगवान से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान लिपिक सीताराम तेलक, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, निरीक्षक गुमान ध्रुव, नरेश ध्रुव, उमेश जगत सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। बता दें कि गणेश प्रतिमा विराजित होने के बाद से आगामी 11 दिनों तक पालिका कार्यालय में भक्तिमय माहौल रहेगा।

### पुरुषोत्तम कौशिक स्मृति ग्रंथ प्रकाशन की समीक्षा 5 को

**महासमुंद 20 सितंबर।** पुरुषोत्तम कौशिक स्मृति समिति की बैठक स्थानीय सर्किट हाउस में समाजवादी चिंतक, पूर्व विधायक डॉ सुनीलम के संयोजन में हुई। बैठक में पुरुषोत्तम कौशिक स्मृति ग्रंथ प्रकाशन की समीक्षा की गई। संपादक मंडल से अशोक शर्मा, आनंदराम पत्रकारश्री, राजेश्वर खरे, दाऊलाल चंद्राकर, दिलीप कौशिक ने प्रकाशन के तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम कौशिक संबंधित संस्मरण 22 सितम्बर 2023 तक आमंत्रित किया गया है। स्थानीय चिंतकों से प्रकाशन समिति के दाऊलाल चंद्राकर, अशोक शर्मा से संपर्क कर प्रकाशन सामग्री जमा कराई जा सकती है। 5 अक्टूबर 2023 को रायपुर के वृन्दावन हॉल में कौशिक पुण्यतिथि पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा बनाई गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ठाकुर रामगुलाम सिंह, विश्वनाथ कौशिक, चमन चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, एचआर बघेल उपस्थित रहे।

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा 21 सितम्बर को

**राजनांदगांव 20 सितम्बर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री नवाज खान की अध्यक्षता में 21 सितम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी संबंधितों को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के कहा गया है।

### ट्रांसफर उद्योग से निकले पुलिस प्रोडक्ट कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय अपनी कीमत वसूलने में लगे हैं : भाजपा

**रायपुर 20 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ के ऐक्सिस बैंक में मंगलवार को हुई 7 करोड़ रुपए की डकैती को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ट्रांसफर उद्योग से निकले पुलिस प्रोडक्ट कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय अपनी कीमत वसूलने में लगे हैं और उन्होंने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में चहुँओर अपराधियों-आतंकवादियों-माफिआओं का जंगलराज चल रहा है और प्रदेश में किसी अपराधी को कानून का खौफ नहीं रह गया है। दिनदहाड़े अंजाम दी गई डकैती की इस वारदात ने प्रदेश सरकार के कानून-व्यवस्था की बेहतरी के तमाम दावों का खोखलापन एक बार फिर सामने ला दी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार सभी विभागों में 'तबादला उद्योग' चला रही है। पैसे लेकर पोस्टिंग की जा रही है। पुलिस महकमे में भी यही चल रहा है। इसी कारण पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा चुकी है। आज सत्ता से चला-चली की बेला में कांग्रेस के लोग पूरी तरह लूट-खसोट में लगे हुए हैं। रायगढ़ में दिन-दहाड़े 7 करोड़ रुपए की डकैती की वारदात इसी 'तबादला उद्योग' की गंभीर और शर्मनाक परिणति है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना सरकार की पहल सराहनीय : कृष्णा

**महासमुंद 20 सितंबर।** नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने भूपेश बघेल सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए एक के बाद एक दूसरी सौगात दी है। इससे पहले राज्य सरकार ने हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में इजाफा किया था।आंगनबाड़ी कर्मियों को दूसरी बड़ी सौगात इनकी सेवानिवृत की आयु को 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने के रूप में दिया है। इतना ही नहीं राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर सहायिकाओं से पदपूर्ति में हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत कर दिया है। स्पष्ट है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कुल रिक्त पदों में से आधे पद पहले से कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती कर के भरे जायेंगे।

## समाचार संक्षेप

### पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का बयान हास्यास्पदः राशि

**महासमुंद 20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर द्वारा राज्य सरकार केंद्र के सहयोग के बिना धान खरीदी नहीं कर सकती वाले बयान पर अजय चंद्राकर पर सीधा हमला बोला है। राशि महिलांग ने भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि चंद्राकर को बयान देने से पहले सोचना चाहिए। उन्होंने चंद्राकर को याद दिलाते हुए कहा कि साल 2014 से केंद्र में उनकी यानी भाजपा के मोदी की सरकार है और 2018 तक राज्य में भाजपा की ही सरकार थी। केंद्र में भी सरकार रहते हुए किसानों का धान समर्थन मूल्य में नहीं खरीद पाई और न ही किसानों को बोनस दे पाई। किसानों के 20 किंवटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी की मांग को भी भाजपा सरकार रहते हुए पूरा नहीं कर पाई। आज जब राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार किसानों का धान समर्थन मूल्य में खरीदने के साथ उन्हें नियमित रूप से बोनस भी दे रही है तो भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। चुनाव आते ही भाजपा नेता बयान दे रहे कि राज्य में 80 फीसदी धान खरीदी केंद्र सरकार करती है। केंद्र सरकार के सहयोग के बिना राज्य सरकार धान खरीदी नहीं कर सकती। सोमवार को रायपुर भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने प्रेसवार्ता में यह बयान दिया है। श्रीमती महिलांग ने कहा उनकी सरकार रहते हुए क्यों वे छग के किसानों का धान समर्थन मूल्य पर नहीं खरीद पाएं। क्यों घोषणा के बाद भी चार सालों तक किसानों को बोनस नहीं दे पाएं। केंद्र सरकार ने राज्य में धान खरीदी शुरू होने से पूर्व ही सेंट्रल पुल में चांवल के कोटे को 86 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया। हमारे भूपेश बघेल ने तो किसानों से कहा दिया है कि उन्हें धान खरीदी के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने इस वर्ष जो प्रति एकड़ 20 किवंटल धान खरीदने की घोषणा की है उसे पूरा करेगी।

### पशु चिकित्सा शिविर में अस्वस्थ पशुओं का किया गया उपचार



**सुकमा 20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मवेशियों के इलाज हेतु जिला मुख्यालय से अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के डब्बामार्का गांव पशु चिकित्सकों की टीम पहुंची , छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर तेलंगाना राज्य की सरहद पर बसे सुकमा जिला अंतर्गत आने वाले सुदूर, दुर्गम अति संवेदनशील क्षेत्र डब्बामार्का तथा कांसाराम एवं अलकनगुड़ा गाँव में कोबरा 208 वीं बटालियन द्वारा जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग को मौसमी बीमारियों से अवगत कराया गया, तत्पश्चात कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशन में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सुकमा के द्वारा शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करते हुए मोबाइल यूनिट टीम पशु चिकित्सालय सुकमा से डॉ.सुमेर सिंह जगत, डॉ.टेकेश्वर कंवर,पशु चिकित्सालय दोरनापाल से प्रवीण बघेल सहायक पशु क्षेत्राधिकारी एवं पशु चिकित्सालय कोंटा से डॉ.सूर्यकांत सोरी के नेतृत्व में 16 सदस्यीय टीम ने डब्बामार्का ग्राम में पहुंचकर लगातार तीन दिनों तक गाँवों मे मौसमी बीमारियों का टीकाकरण, डिवर्मिंग तथा अस्वस्थ पशुओं का उपचार किया गया तथा पशुपालकों को पशु औषधियों वह मिनरल मिक्सचर का वितरण कर ग्रामवासियों को मौसमी बीमारी से संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने तथा संक्रमण से रोकथाम हेतु और पशुओं का उपचार, टीकाकरण वह औषधियों से पशुधन को सुरक्षित रखना अति आवश्यक की समझाईश दी गई। जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट कोबरा 208 वीं बटालियन ने पशुधन विकास विभाग के पशु चिकित्सालय सुकमा, कोन्टा एवं दोरनापाल से पहुंची 16 सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीमों के साथ-साथ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सुकमा को अतिशीघ्र कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया ।

### नुआखाई पर्व पर चरणदास महंत ने उत्कल समाज एवं प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाए

**रायपुर 20 सितंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उत्कल समाज एवं प्रदेश वासियों को नुआखाई की दी बधाई शुभकामनाएं। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से उत्कल समाज के लोगों को नुआखाई पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुये इस पर्व की विशेषता पर कहा की, पश्चिमी ओडिशा में नए चावल आने की खुशी में इस त्यौहार को मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी के ठीक एक दिन बाद नुआखाई पर्व मनाया जाता है। यहाँ पर ÷नुआ÷ का मतलब होता है ÷नया÷ और ÷खाई÷ का मतलब होता है ÷खाना÷। नुआखाई का मतलब यह है कि नए खाने की फसल उग आई हैं और इसी खुशी में हर साल नुआखाई त्यौहार पूरे उल्लास के साथ में मनाया जाता है। इस दिन चावल का पारंपरिक रूप से केक भी बनाया जाता है जिसे अरसा पीठा के नाम से जाना जाता है। इस दिन माँ समलेश्वरी देवी को नए चावल अर्पित किये जाते है।

## एक नजर

### जैन समाज अध्यक्ष ने दी प्रर्यूषण पर्व की बधाई



**सिमगा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैनियों के महापर्व परुसन पर्व 10 लक्षण पर्व की सिमगा दिगंबर जैन समाज व सिमगा जैन समाज के अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप जैन की ओर से महापर्व प्रयूषण पर्व की हार्दिक बधाई सबसे बड़े त्यौहार 10 लक्षण महापर्व की हार्दिक बधाई मंगल कामना और इन 10 दिनों में आपकी तपस्या आराधना भक्ति सुख शांति पूर्वक पूर्ण हो ऐसी कामना शुभकामना करते हैं।

### मारपीट,दोनों पक्षों ने रिपोर्ट लिखाई

**तिल्दा-नेवरा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पिछले दिनों तिल्दा नेवरा थाने में दोनों पक्षों ने जिस तरीके से रिपोर्ट लिखवाने प्रदर्शन की शक्ति प्रदर्शन की उसकी चर्चा हो या फिर विवाद की जड़ लेन देन बताया गया है रूपयों के लेन देन को लेकर पहले विवाद लड़ाई झगड़ा होगया मारपीट हुई और दोनो पक्ष थाने पहुंच गए। पुलिस ने दोनो की रिपोर्ट लिख ली और फिर थाने में ही विवाद शुरू हुवा मामले को बढ़ता पुलिस ने शांत करवाया। लेकिन इस वारदात के बाद नगर में अलग अलग चर्चाओं का बाजार गर्म है बताया जाता है लाखो करोड़ों का खेल या फिर जमीन का लैन देन के मामले में विवाद इतना बढ़ा कि लोग मामले को अपने अपने स्तर पर चर्चा करने लगे। नगर में लोग सट्टे के लेन देन भी इसे बता रहे है तो कुछ लोग जमीन कारोबार से भी जोड़ रहे है लेकिन लेन देन हजारों में नहीं है लाखो में है और इस कारण मामला पुलिस थाने गया। वैसे तिल्दा नेवरा सट्टे के मामले में बहुत बड़ी मंडी बनी हुई है और इसमें सैकड़ो लोग घुस गए है कमीशन पर चलाता कारोबार के कारण नगर में अपराध नशा का कारोबार बढ़ रहा है युवा अब प्रॉपर्टी कारोबार में भी भाग्य आजमा रहे है। इस अंचल में काले धन को जमीन खरीदी कर सफेद घन में प्रवर्तित कर रहे है। जमीन कारोबार से जुड़े लोगो ने बताया की प्रतिदिन करोड़ों रुपयों का जमीन का कारोबार चलता है इस धंधे में बड़े बड़े कारोबारी बाहर से आते है।

### अवैध शराब बिक्री के लिए परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने शराब का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 सितम्बर को दोपहर 3 बजे मुखबिर सूचना पर हिरमी कुथरौद रोड में तालाब के पास रेड कार्यवाही की गई, जिसमें आरोपी रूपदास बंजारे पिता गणेश बंजारे उम्र 40 वर्ष निवासी बुड़गहन थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा को अवैध रूप से मोटरसायकल हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी-04-डीसी-2252 में बिक्री हेतु एक प्लास्टिक के बोरी में 29 पाव देशी मशाला शराब कुल 5.220 बल्क लीटर कीमती 3190 रुपये परिवहन करते ले जाते पाए जाने पर अवैध शराब एवं मोटरसायकल को जप्त कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 172/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी रूपदास बंजारे को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है।

### 32 पाव देशी मसाला शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के लिए परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 सितम्बर को मुखबिर सूचना पर कुथरौद रेल्वे क्रोसिंग के पास रेड कार्यवाही की गई, जिसमें आरोपी जगबंधु पिता बिल्लू राम खूंटे उम्र 54 वर्ष, बलराम गेंडरे पिता भागवत गेंडरे उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी बुड़गहन थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा को अवैध रूप से मोटरसायकल हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी-04-केआर- 8602 में बिक्री हेतु बोरी में 32 पाव देशी मशाला शराब कुल 5.760 बल्क लीटर कीमती 3520 रुपये परिवहन करते ले जाते पाए जाने पर अवैध शराब एवं मोटरसायकल को जप्त कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 173/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपियान जगबंधु प्रसाद एवं बलराम गेंडरे को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है।

# ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 20 सितम्बर।** बाल वैज्ञानिक तराशने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता मंगल भवन छुरा में संपन्न हुआ।

जोन स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता से सबको प्रभावित किया।मिसाइल मैन के नाम से मशहूर पूर्व राष्ट्रपति महामहीम डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि जिसके मन में कब, क्या, कैसे, क्यों का प्रश्न हो वह सबसे बड़ा वैज्ञानिक है।यह प्रश्न बाल हृदय में सर्वाधिक जागृत होता है।इन्हीं बाल प्रतिभाओं के विज्ञान, गणित और तकनीकी क्षमताओं को विकसित करने विविध गतिविधियां कराई जा रही है।विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल.मतावले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अहमद जाफ्री, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महेश साहू, जिला नोडल सुदामा प्रसाद लोधी, अर्जुन धनंजय सिन्हा, कामता प्रसाद साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, विनोद चंद्राकर द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।



के.एल.मतावले ने बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्कूल आधारित ज्ञान को बाहरी जीवन से जोड़कर रचनात्मकता को विकसित करें। किसी भी अवधारणा के मूल सिद्धांत तक पहुंचने का प्रयास करें।अहमद जाफ्री ने कहा कि हर एक बच्चे में वैज्ञानिक सोच छुपी होती है। उनके अंदर के सुषुप्त ज्ञान को जागृत करने की आवश्यकता है। महेश साहू ने कहा कि बच्चों को नया आयाम देने यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। सुदूर वनांचलों में छिपी प्रतिभा को निखारने हेतु ऐसे आयोजन लगातार किया जा रहा है। कबाड़ से जुगाड़, विज्ञान प्रयोग प्रदर्शनी और क्वीज प्रतियोगिता, गणित, विज्ञान, तकनीक पर आधारित था।निरीक्षण एवं उत्साहवर्धन हेतु जिला कार्यालय समग्र शिक्षा से एपीसी भूपेंद्र सोनी, प्रोग्रामर नदीम अहमद उपस्थित हुए। सभी प्रर्दशनी का आकलन कर प्रोत्साहित किए।

कबाड़ से जुगाड़ में ऊर्जा के विभिन्न रूप एवं ऊर्जा का रूपांतरण, चंद्रयान-3, वॉटर प्यूरीफायर, श्वसन तंत्र एवं उत्सर्जन तंत्र, पानी से विद्युत उत्पन्न करना, इमली बीजों के माध्यम से गणितीय अवधारणा, वृत्त और उनके अवयव आदि का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। विज्ञान प्रयोग प्रदर्शनी में सुषुप्त ज्वालामुखी, सूर्य ग्रहण, दुर्घटनारोधी यंत्र आदि का प्रदर्शन किया गया।

सात राउंड में चले क्विज प्रतियोगिता में बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कबाड़ से जुगाड़ में कनसिंघी जोन प्रथम, पोड़ द्वितीय एवं साजापाली तृतीय स्थान पर रहा। विज्ञान प्रयोग प्रर्दशनी में पोड़ जोन प्रथम, खडमा द्वितीय, कोठीगांव तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विधाओं में प्रथम स्थान हासिल किए प्रतिभागी, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे विजेताओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंट से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल योगेश ठाकुर, तिजऊ राम साहू, धनंजय वर्मा, बसंती साहू, दुष्यंत कुमार साहू, पोषण लाल वर्मा, प्रकाश सिन्हा, राजेश देवागन, हेमलता बंजारे, वंदना देवांगन, चेतना चंद्राकर, आनंद प्रकाश विश्वकर्मा, अरुण कुमार साहू, ओमप्रकाश, दीपिका पटेल, भूपेन्द्र सिन्हा, बंधु सहित प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा। संचालन चंद्रवती सिन्हा ने किया।

## पुलिस कर्मियों पर रुपये लेने का आरोप

# पीड़ित के बेटे से 10 पौवा अंग्रेजी शराब के मामले में लिया साठ हजार रुपये, एसपी से शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 20 सितम्बर।** पुलिस थाना कसडोल में पदस्थ पुलिस कर्मियों पर लगातार रुपये लेने का आरोप लग रहा है। अभी पुराना मामला शांति नहीं हुआ था कि अब एक और शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के पास पहुंची है। इधर संवेदनशील एसएसपी भी अब पूरे मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की बात कर रहे हैं।

आपको बतला दें कि अब कसडोल पुलिस के दो सिपाहियों के ऊपर रुपये लेकर भी मामला कायम करने की शिकायत की गई है। दरअसल अंवराई निवासी पीड़ित कंसराम देवदास ने बताया कि विगत 14 मई 2023 को उनके घर में जन्मोत्सव का कार्यक्रम हो रहा था। इसी दौरान खुशी के मौके पर कई स्वजन घर में इकट्ठा हुए थे। उसका पुत्र सिद्धेश्वर प्रसाद देवदास खुशी मनाने के लिए, मेहमानों के लिए 10 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब दुकान से घर ला रहा था। इसी बीच कसडोल पुलिस थाना में पूर्व पदस्थ आरक्षक अनुराग कोसरिया और शैलेंद्र बंजारे दोनों पुलिस कर्मियों ने बेटे को रोककर गाली गलौज देते हुए डरा-धमका कर जेल भेजने की बात कह कर रुपयों की उगाही की।





### 3 माह बाद चालान पेश होने पर मिली जानकारी

3 माह बाद जब अदालत में चालान पेश हुआ तब जानकारी हुआ। पीड़ित कंसराम देवदास ने घूसखोर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। अब पूरे मामले में जहां एक तरफ पीड़ित ने फोन पे में लिए व्यक्ति की जांच की मांग की है तो वहीं यह बात भी सामने आ रही है कि आखिर इनके द्वारा कितने लोगों से ऐसे रुपए उक्त मोबाइल नंबर पर फोन पे के जरिए लिए गए होंगे, यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### जांच में होगा पर्दाफाश

कसडोल पुलिस की कार्यप्रणाली अब संदेहों के घेरे में नजर आ रही है। इधर सूत्रों का कहना है कि लगातार हो रही अवैध वसूली के अलावा कसडोल पुलिस थाना में प्रभार संभाल चुके तत्कालीन थाना प्रभारी के द्वारा नाबालिक युवती और युवक से हुई सौदेबाजी की भी जांच एसएसपी की टीम कर रही है। आपको बतला दें कि एसएसपी की टीम बीते माह हुई लाखों रुपए की अवैध सौदेबाजी और वसूली की जांच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सबूत को खंगाल रही है। जिससे यह पता चल सके कि लगातार कसडोल पुलिस थाना के अतंर्गत, किसकी सरपरस्ती में अवैध कार्यों को संरक्षण और उगाही का काम किया जा रहा है। वहीं अपने बचाव के लिए बलि के बकरा का भी सहारा लेने की तैयारी है। बहरहाल अब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि इन कार्यों में कौन-कौन शामिल रहे और कार्यवाही किस पर होती है।

> पूर्व में कसडोल पुलिस थाना के दो पुलिस कर्मियों की पीड़ितों से रुपये लेने की शिकायत मिला था जिस पर दोनों आरक्षकों को लाईन अटैच कर दिया गया है। इसके अलावा आरक्षक शैलेंद्र बंजारे के खिलाफ जांच हो रही है। अभी एक नया आवेदन भी मिला है साथ ही गांव के लोग भी शिकायत किये हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-दीपक झा,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा

पीड़ित की मानें तो पुलिस कर्मी अनुराग कोसरिया ने मामले को रफा-दफा करने की बात कह कर रूपयों की मांग करने लगे जिससे पुत्र ने मुझे फोन लगाकर पूरी बात बतलाते हुए बगार के आगे तालाब के पास बुलवाया। इस दौरान दस हज़ार रुपए रखा था लेकिन दोनों पुलिस कर्मियों ने साठ हजार रुपए की मांग करने लगे। इसके बाद फिर अपने दोस्त संतोष पटेल अवराई के पास जाकर दस हजार रूपए और लाया।

डर के कारण बीस हजार रुपए नगद और बीस हजार रुपए अपने दामाद डिगेश चौहान के मोबाइल से फोन पे पर एक लवन के युवराज मोबाइल शॉप के नंबर 9977681241 पर कराया गया। लेकिन अनुराग कोसरिया और शैलेंद्र बंजारे द्वारा रुपए लेने के बाद भी, पुत्र के नाम से आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम कर दिया गया जिसकी कोई जानकारी उसे उस समय नहीं दी गई।

## संगीत और नृत्य भारत की प्राचीन परंपरा है:अग्रवाल



**कसडोल, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संगीत और नृत्य भारत की प्राचीन परंपरा है। संगीत तथा नृत्य हमारे जीवन को पूर्णता की ओर ले जाते हैं, ये निराशा और अवसाद को दूर करने में हमारी मदद करते हैं। उक्ताशय का विचार ग्राम वटगन में तीजा स्पेशल डांस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने व्यक्त किया। ग्राम वटगन पहुंचने पर ग्राम के नागरिकों द्वारा कर्मा नृत्य, आतिशबाजी फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किए। अग्रवाल जी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किए। उन्होंने उपस्थित सभी माता बहनों को तीज पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, एवं सभी के उज्जवल भविष्य के मंगल कामना की। आज के इस अवसर पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, दक्षिण पलारी भाजपा मंडल के अध्यक्ष महेंद्र साहू, पलारी मंडल अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, महामंत्री पवन कुमार वर्मा, ग्राम के सरपंच कुमारी बाई कामराज वर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष उमेश यदु, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष निर्मला रजक, शांति बाई ध्रुव पंच, पंचराम वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष, नेतु वर्मा पूर्व सरपंच, दीपक वर्मा, बलराम फेकर शिक्षक, राजेश शर्मा बल्दू वर्मा, अर्जुन फेकर, रामू चंद्राकर कृतराम वर्मा मंडल मंत्री, सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान: कचरा मुक्त भारत थीम पर हो रहे विभिन्न आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के थीम कचरा मुक्त भारत के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जहां कूड़ा जमा होता है और उन स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को आदत परिवर्तन के लिए 3 माह तक लगातार प्रेरित किया जाएगा। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, पर्यटन स्थल, पार्क, धार्मिक स्थल, प्रसिद्ध स्थल, नदी के किनारे, घाट, नालियों व नाले में श्रमदान के माध्यम से





साफ-सफाई की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी जमा लीगेसी वेस्ट की सफाई की जा रही है। सभी स्वच्छता परिसंपत्तियों का सुधार, पेंटिंग, सफाई व ब्रांडिंग भी हो रही है। सभी शहर व ग्राम के मार्केट प्लेस, सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल पर स्वच्छ भारत मिशन की पेंटिंग व डस्टबिन की उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता प्रतियोगिता, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रन का आयोजन हो रहा है। पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने व हरा गीला कचरा तथा सूखा नीला कचरा की जानकारी दी जा रही है। सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र व संस्थान में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। 17 सितम्बर को इंडियन स्वच्छता लीग में युवाओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थलों की सफाई की जाएगी। 2 अक्टूबर के मध्य सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन एवं केन्द्र पोषित योजना में लाभ हेतु सिंगल विंडो वेल्फेयर कैम्प व हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों से स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का ब्राउचर पाम्प्लेट, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## छुरा ब्लॉक के पिपराही में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

# राष्ट्र के नवनिर्माण में कामगारों की भूमिका महत्वपूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 20 सितम्बर।** निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा का पूजन महोत्सव रविवार को मनाया गया। इस मौके पर छुरा ब्लॉक के ग्राम पिपराही में जय विश्वकर्मा कल्याण संघ व समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से विश्वकर्मा जयंती महोत्सव एवं लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुन्द लोकसभा के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, अध्यक्षता राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, मदन



गोपाल ध्रुव, संतराम नेताम, लेखराज ध्रुवा, दीपक चंद्राकर, संतनसिंह ठाकुर शामिल हुए। सभी अतिथियों ने आयोजकों के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा मूर्ति स्थापना व सामुदायिक भवन एवं देवगुड़ी का लोकार्पण किया।समारोह को संबोधित करते हुए सांसद चंदूलाल साहू ने विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भी जन्मदिन है, भगवान से प्रार्थना कि उनकी लंबी आयु हो और वे प्रधानसेवक के रूप में देश की निरंतर सेवा करते रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में भारत जिस तेजी से आगे बढ़ा है, उसमें कामगारों का बड़ा योगदान है। आप कामगारों की बदौलत ही देश ने तरक्की के नए आयाम रचे हैं।अध्यक्षता कर रहे राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी इस सृष्टि के आदि अभियंता हैं जिन्होंने इस सृष्टि की रचना की है। उनके आशीर्वाद से राजमिस्त्री, बढ़ाई और कामगार लोग नवनिर्माण का कार्य कर रहे हैं। राज मिस्त्री लोगों के लिए आलिशान भवन निर्माण करते है और खुद झोपड़ी में रहते है। इस दौरान कृष्णा पटेल सहित राज मिस्त्री संघ के सभी सदस्य पंचायत पदाधिकारी ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### वीडियो व फोटो संगठन ने लगाया एक दिवसीय फोटोशॉप ट्रेनिंग शिविर



**भाटापारा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा वीडियो एवं फोटो संगठन के माध्यम से एक दिवसीय फोटोशॉप ट्रेनिंग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें भाटापारा में एल्बम स्टेशन रायपुर द्वारा भाटापारा के आसपास क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक फोटोग्राफरों ने कार्यशाला अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और फोटोशॉप की ट्रेनिंग प्राप्त की। कार्यशाला का उद्घाटन निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने किया उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि भाटापारा में हुनर की कमी नही नही बस एक सही दिशा मिलने से हुनरमंद अपनी रोजगार को बड़ा सकते हैं, इस कार्यक्रम के मंडी अध्यक्ष सुसील शर्मा भी शामिल हुए शर्मा ने फोटो ग्राफरो को होने वाले तकलीफों को समझते हुए कहा कि हर संभव मदद के लिए तैयार है। व्यापारियों के साथ भूपेश की सरकार है। दुर्ग से आए मेंटर राजन सोनी ने बहुत ही बारीकी से फोटोशॉप की जानकारी फोटोग्राफरों को प्रदान की। भाटापारा वीडियो एवं फोटो संगठन के अध्यक्ष कैलाश जायसवाल के प्रयास एवं दुर्ग जिला फोटोग्राफर संघ के अध्यक्ष मुमताज मलिक के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। दुर्ग से मुमताज मलिक ने सभी फोटोग्राफरों को संगठित होने और संगठन शक्ति की महत्व को समझाया साथ ही यह भी भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। रायपुर से पधारे एल्बम स्टेशन से सुमित अग्रवाल ने अपने नवीन प्रोडक्ट और एल्बम की बारीकियां को बड़ी खूबसूरती से फोटोग्राफरों के सम्मुख प्रस्तुत किया और एल्बम में आने वाले परिवर्तन और नए-नए बदलाव के बारे में क्षेत्र के सभी फोटोग्राफरों को अवगत कराया।

### स्टेशनों में सुरक्षा के लिए की जा रही सीसीटीवी कैमरे से निगरानी



**भाटापारा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 380 सीसीटीवी कैमरे की मदद से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों में सुरक्षा की निगरानी जिसमे भाटापारा स्टेशन में 39 एवं तिल्दा नेवरा स्टेशन में 24 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के अंतर्गत सैकड़ों स्टेशनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री एक स्थान से दूसरे स्थानों के लिए यात्रा करते है। प्रतिदिन यात्री रेल के द्वारा सफ़र करने के लिए स्टेशनों में पहुचते हैं और उनके सामान एवं बच्चों सहित सभी यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था को बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो के ऊपर रहती है, जिसके लिए वे चौबीसों घंटों निगरानी में तैनात रहते है। इस काम को सुचारू रूप से करने के लिए रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो द्वारा स्टेशनों के चप्पे चप्पे पर अपने जवानो को तैनात किये जाते है एवं इसके साथ ही स्टेशनों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के द्वारा भी स्टेशनों पर एक-एक गतिविधियों पर नज़र रखी जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के रेल सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों की शत-प्रतिशत सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 14 महत्वपूर्ण स्टेशनों में 380 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है, जिनकी मदद से स्टेशनों के प्लेटफार्मों एवं पूरे स्टेशन परिसरों पर नज़र रखी जाती है।

### दुलदुला में तीजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**सिमगा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्त ग्राम दुलदुला में तीजा पोरा के अवसर पर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन जिला अध्यक्ष मनहरण साहू दुलदुला छत्तीसगढ़ी रंगोली समिति द्वारा आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन का सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनहरण साहू ने सभा को संबोधित किया। हमारी संस्कृति छत्तीसगढ़ की तीजा पोरा तिहार महिलाओं का विशेष त्यौहार के रूप में बनाया जाता है जो की महिलाएं तीन दिन उपवास रहकर भोलेनाथ का पूजन करते हैं और अपने पति पुत्र परिवार के लिए खुशहाली का कामना करती है जो हमें सशक्तिकरण करने के लिए प्रेरित करता है और जो विलुप्त होती जा रही है हमारी संस्कृति को सहेजने संवारने में हमको प्रेरणा देती है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन रंगारंग प्रस्तुति हुआ जिसमें सरपंच प्रतिनिधि मनमोहन बंजारे, भागीरथी साहू, संतोष निषाद, लोरिक निषाद, गोवर्धन साहू, मनोहर मानिकपुरी, अशोक दास मानिकपुर, बालकरण दास मानिकपुरी, शेषनारायण बंजारे, हेमलाल कुर्रे, व्यास नारायण बंजारे, खेमराज शर्मा, बिनु यादव एवं बड़ी संख्या में गांव वालो की उपस्थिति मे यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री बघेल के घर विराजे गणपति



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई-3 स्थित अपने निवास में भगवान गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की है।



शिव गणेशोत्सव समिति कपड़ा मार्केट चौक पंडरी में साबूदाना की पगड़ी व सिंघाड़ा तथा मूंगफली से निर्मित गणेश जी की प्रतिमा।



श्री रूद्रा गणेशोत्सव समिति रायपुर

## एक नजर

### अब तो बैंक भी सुरक्षित नहीं, क्या यही है गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ : बृजमोहन

**रायपुर, 20 सितम्बर।** पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायगढ़ में बैंक



डकैती की घटना पर चिंता जताई है। वहीं भूपेश सरकार की लचर कानून पर सवाल उठाया है। बृजमोहन ने कहा कि भूपेश बघेल जी अब तो छत्तीसगढ़ में बैंक भी सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ में इससे पहले बैंक लूट की इस तरह की घटना नहीं हुई है। बैंक के मैनेजर को चाकू मार दिया गया। भूपेश बघेल आप छत्तीसगढ़ को कहा ले जाएंगे। क्या यही है गढ़बो नवा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ को आपने लूट का, अपराध का केंद्र बना दिया है। शर्म करो बघेल जी।

### शहर के बाहरी क्षेत्रों में हेलमेट की मांग

**रायपुर, 20 सितम्बर।** पूर्व पार्षद एवं नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने एक



बयान में कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के हर शहर में बाइक और स्कूटी सवार महिला पुरूषों की दुर्घटना में आये दिन अकाल मृत्यु हो रही है ये सिलसिला लगातार चल रहा है, इसलिए राज्य सरकार से निवेदन है कि हर शहर के बाहरी वार्डो में हेलमेट अनिवार्य किया जाए क्योंकि शहर के अंदर वाहनों की गति धीमी रहती है लेकिन बाहरी क्षेत्र मे गति बहुत तेज रहती है।

### नाले में मिली युवक की लाश

**रायपुर, 20 सितंबर।** पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम दतान मुख्य मार्ग में बरसाती नाले में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम अमेरा निवासी शेखर सोनवानी 37 वर्ष के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक शनिवार को अपनी बाइक से ग्राम कुसमी दतान जाने के लिए घर से निकला था। गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर दतान गांव के पास मुख्य सडक़ किनारे बरसाती नाले में उसका शव पड़ा हुआ मिला। काम करने के लिए अपने खेत जा रहे ग्रामीणों ने उसकी लाश देखी। गांववालों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। शव पानी में औंधे मुंह पड़ा था। उसकी बाइक बबूल के पेड़ के नीचे पड़ी हुई थी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की तलाशी लेने पर उसका आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान शेखर सोनवानी के रूप में हुई। पलारी थाने में पदस्थ एएसआई राजेश कुमार ने कहा कि ऐसी आशंका है कि बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी है। युवक सिर के बल गिरा है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नाले में 2 से 3 फुट पानी बह रहा है। उन्होंने कहा कि परिजनों ने युवक की पहचान कर ली है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत की असल वजहों का खुलासा हो सकेगा।

### सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए पार



**रायपुर, 20 सितंबर।** न्यू सेल टेक्स कालोनी खम्हारडीह स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीतेन्द्र भूषण 38 वर्ष न्यू सेल टेक्स कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 17 सितंबर की रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# अमन की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 20 सितम्बर।** रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है हत्या की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है दरअसल, एक युवक की पुराने विवाद में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद आरोपियों के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 370/23 धारा 307, 302, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रार्थी महेश महिलांगे ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सतनाम चौक वार्ड नं. 02 उरला में रहता है तथा मजदूरी का कार्य करता है। प्रार्थी 15 सितम्बर को दोपहर करीबन 3 बजे उरला देशी शराब दुकान के पीछे बृज ट्रैक एवं टावर कंपनी के सामने अजय टंडन एवं अमन बंजारे के साथ पेड़ के नीचे में बैठ कर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान करीबन 3.30 बजे राजू साहू व सुनील पाल, प्रार्थी तथा उसके साथियों के पास आये,

जहां अजय टण्डन, राजू साहू एवं सुनील पाल के साथ मिलकर पुराने विवाद को लेकर अमन बंजारे के साथ



मारपीट करने लगा इसी दौरान अमन बंजारे की हत्या करने की नियत से उनके द्वारा अपने पास रखें चाकू से अमन बंजारे के शरीर तथा जांघ पास लगातार वार करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गये थे, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था, कि उपचार के दौरान अमन बंजारे की मृत्यु हो गई। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 370/23 धारा 307, 302, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

हत्या की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी उरला को जल्द से जल्द आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकरियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना उरला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी करते हुए आरोपियो के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी अजय टण्डन, राजू साहू एवं सुनील पाल को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी अजय टण्डन ने बताया गया कि मृतक अमन बंजारे का उसकी पत्नि के साथ अवैध संबंध था, इसी बात को लेकर वह अपने साथियों के साथ मिलकर अमन बंजारे की हत्या करने की योजना बनाया एवं योजना के अनुसार दिनांक घटना को अजय टण्डन द्वारा अमन बंजारे को फोन कर घटना स्थल पर बुलाया गया था जिसके पश्चात् उसके अन्य साथी राजू साहू एवं सुनील पाल वहां आये तथा तीनों ने मिलकर मृतक अमन बंजारे के साथ मारपीट करते हुए अपने पास रखें चाकू से उस पर वार कर अमन बंजारे की हत्या कर दिये तथा चाकू को तालाब में फेंक दिये।

# भारत में सबसे बड़े सनातनी भूपेश बघेल: सुशील आनंद

### संचार प्रमुख का सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर पलटवार

**रायपुर, 20 सितम्बर।** हिमंता बिस्वा सरमा के चैलेंज और नीतिन नबीन के बयान पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने पलटवार करते हुए कहा? था कि हमारे किसी नेता को भाजपा के कालनेमी रूपी राम भक्तों से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। भारत में सबसे बड़ा सनातनी कोई है तो वह भूपेश बघेल हैं। वे राम और कृष्ण दोनों का काम कर रहे हैं।



सुशील आनंद शुक्ला ने आगे कहा कि राम वन पथ गमन परिपथ का विकास कांग्रेस ने किया। नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज स्थापित किए गए। 15 साल तक भाजपा ने भगवान राम को भुला दिया था, भगवान राम के ननिहाल, माता कौशल्या को भुला दिया था। हिमंता बिस्वा सरमा हो या नीतिन नबीन वे बताएं कब और कहां उन्होंने भगवान राम के कार्य किए।

दरअसल, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने छत्तीसगढ़ सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। सीएम ने कहा था कि छत्तीसगढ़ में खुलेआम धर्मांतरण हो रहा है। राज्य की भूपेश बघेल सरकार ने धर्मांतरण पर रोक नहीं लगाई। धर्मांतरण की प्रक्रिया से राज्य में रोहिंग्या आ रहे हैं। बीजेपी नेता हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि यह धार्मिक और सामाजिक मुद्दा है। उन्होंने दावा किया कि घुसपैठिये आकर स्थानीय से शादी करते हैं।

# एक दिन की छाया कलेक्टर रहीं श्रीकृति दीवान का निधन

**रायपुर, 20 सितम्बर।** भाजपा शासनकाल में 12 जनवरी सन् 2018 में रायपुर जिला की एक दिन की छाया कलेक्टर रहीं श्रीकृति दीवान का आज सुबह निधन हो गया वे 27 वर्ष की थीं। वर्तमान में वे यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। श्रीकृति कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। ज्ञात हो कि युवाओं में उच्च शिक्षा तथा ऊंचे पदों पर जाने की ललक पैदा करने तत्कालीन भाजपा सरकार ने एक दिन का छाया कलेक्टर बनाने का कार्यक्रम किया था। चयन प्रक्रिया के तहत सभी जिलों में चयनित युवा को एक दिन का छाया कलेक्टर बनाया गया था। रायपुर जिला में श्रीकृति दीवान ने 12 जनवरी 2018 को एक दिन के लिए छाया कलेक्टर की कुर्सी सम्हाली थी। तब ओपी चौधरी रायपुर जिला के कलेक्टर थे। ब्राह्मणपारा निवासी प्रदीप दीवान बबला (संकरी वाले) की द्वितीय पुत्री, श्रुति दीवान की बहन व सुदेश तथा भावेश दीवान की भतीजी थी। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। शव को बड़ी बहन श्रुति दीवान ने अग्नि दी।



**बड़ी बहन ने किया अग्नि संस्कार**

# सूने मकान से लाखों के जेवरात चोरी करने वाले 2 आरोपी बंदी

**रायपुर, 20 सितम्बर।** थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत रावतपुरा कॉलोनी फेस-02 स्थित सुने मकान से लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले 02 आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, आरोपियों के कब्जे से चोरी की सोने चांदी के जेवरात तथा बर्तन को जप्त किया गया है, जप्त मशरूका की कुल कीमत है लगभग 3,50,000/- रूपये है ..वहीं आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 406/2023 धारा 457, 380, 34 भादवि. का अपराध किया गया है पंजीबद्ध।

प्रार्थिया मेघा चौबे ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रावतपुरा कालोनी फेस - 2 में रहती है तथा डगनियां बिजली हेड आफिस के कॉल सेंटर में काम करती है। 16 अगस्त की शाम 7.30 बजे प्रार्थीया अपने परिवार के साथ भिलाई चली गई थी। 18 अगस्त को सुबह 11 बजे वापस आई तो अपने घर के गेट का ताला खोलकर अंदर गई तो देखी कि घर के अंदर के मेन दरवाजा का



ताला टूटा हुआ था, अंदर कमरे का दरवाजा खुला हुआ था, अंदर जाकर देखा तो रूम के अंदर रखे आलमारी का ताला टुटा हुआ था दरवाजा खुला हुआ था आलमारी का सामान नीचे जमीन पर बिखरा पडा था एवं आलमारी के लॉकर में रखा सोने चांदी के जेवरात एवं बर्तन नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थिया के घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर कमरे अंदर रखे आलमारियों के लॉकरों का ताला तोड़कर उसमें रखे मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 406/2023 धारा 457, 380, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, उसके परिवार के सदस्य सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

# फ्यूज़न फाइनेंस ने महिलाओं को बांटे 60 वाटर व्हील



**रायपुर, 20 सितम्बर।** फ्यूज़न माइक्रो फइनेंस लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के पत्थलगाँव ग्रामीण क्षेत्र में वाटर व्हील वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के बीच 60 वाटर व्हील का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले गृहिणीयों की भागीदारी भी देखी गई।

कार्यक्रम में चन्द्रशेखर त्रिपाठी (किसानकांग्रेस अध्यक्ष) और अतुल त्रिपाठी अतिथियों के रूप में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए फ्यूज़न माइक्रो फइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷एक ज़िम्मेदार संस्था के रूप में कंपनी विभ्भिन प्रयत्नों द्वारा समाज के विकास और सामान्य जीवनशैली में वृद्धि करने में विश्वास रखती है।÷ भारत के बहुत सारे क्षेत्रों में लगातार पानी की कमी का प्रभाव बढ़ता जा रहा हैं। पानी की पूर्ण व्यवस्था न होने से ग्रामीण महिलाओं को मीलों दूर पानी भरने जाना पड़ता है। रोज़-रोज़ पानी से भरे भारी बर्तन और घड़े मीलों तक उठाने से महिलाओं को सर व कमर दर्द जैसी स्वास्थ्य सर्म्बधित समस्याएं हो जाती हैं जिनका आगे चल कर गंभीर बीमारी होने का डर बना रहता है। इन समस्याओं को देखकर फ्यूज़न माइक्रो फइनेंस ने इस सामाजिक पहल का अगहन कर इन गृहिणीयों में वाटर व्हील्स का वितरण किया। वाटर व्हील्स का डिज़ाइन शारीरिक मेहनत कम करने और पानी लेन में समय की बचत के उदेश्य से तैयार किया गया है।

# उत्साह से मनाई गई वामनराव लाखे जयंती

**रायपुर, 20 सितम्बर।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इन्द्रधनुष के रंगो की छटा बिखेरी। इस जयंती समारोह मे वामनराव लाखे शाला क्र. 1 की प्राचार्या भारती यादव तथा क्रं. 2 की प्राचार्या श्रीमति मंजू साहु एवं एस.पी. इंग्लिश मीडियम की प्राचार्या श्रीमति आशारानी बोस तथा महंत लक्ष्मीनारायण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी तथा 8 हमारे मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय, संसदीय सचिव विधायक, रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि माननीय दिलीप षडंगी जी तथा डॉ. सुरेश शुक्ला जी, आयुक्त भारत स्काउट गाइड, डॉ जेपी रथ, शुक्रदया विद्यालय के संचालक डॉ मानिकपुरी जी इस समारोह में उपस्थित थे। अतिथियों के आगमन के साथ दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद शाला में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का उद्बोधन में ''वामनराव लाखे जी की अमर रहे'' से पूरा शाला प्रागंण गुँज उठा तथा हमारे संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

और कोरोना के समय



जब सारा देश - दुनिया सब बंद था तब स्कूल मे शिक्षक ऑनलाइन टीचिंग के माध्यम से शिक्षा प्रदान किये एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद किये और संस्था को कहा की आज के समय मे कम पैसो मे अच्छी शिक्षा देने का काम ये संस्था कर रही है। उन्होने कहा सबसे बड़ा दान शिक्षा का दान है। शिक्षा के दान मे विधार्थियों को आगे बढ़ाना का काम इस सस्था द्वारा किया जा रहा है। इस समारोह की अध्यक्षता माननीय अजय तिवारी जी के नेतृत्त्व मे किया गया। तथा प्रबंध समिति उपाध्यक्ष आर.के. गुप्ता, प्रबंध समिति सचिव अनिल तिवारी

व्यवस्थापक विष्णु महोबिया, मंजू साहू, प्राचार्य वामनराव लाखे क्र. 2, हीरापुर, भारती यादव, प्राचार्य वामनराव लाखे क्र. 1 रायपुर, आशारानी बोस, प्राचार्य, एस. पी. इंग्लिश मिडियम स्कूल, हीरापुर आत्मानंद विद्यालय महोबा बाजार की प्राचार्य दीपा दास तथा समस्त शिक्षकगण, मीना सेन, भारती उदासी, इंद्राणी चंदेल, रेखा सोनी, रेणु सोनी, पूनम सिंह, सुनीता ओझा, प्रियंका टेटे, छाया सिंह, नीलम श्रीवास्तव, उषा यादव, सीमा लिल्हारे, दिप्ती साहू, अनामिका जैन, किरण सेन, किरण शर्मा, पूजा गिरी, विजय कुमार, डेविड प्रसाद मिश्रा, देवेन्द्र यादव, माधुरी वर्मा, नीरा निषाद, ललिता दास, नीना परमार, सुश्री संध्या




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23